दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 336 | सीकर, सोमवार 02 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8






# बजट 2026-27
## इनकम टैक्स जस का तस

**बजट में इनकम टैक्स को लेकर को कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। हालांकि रिवाइज्ड रिटर्न भरने की तारीख 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई। वहीं, विदेश रुपए भेजने पर अब 5% के बदले 2% टैक्स लगेगा।**

## सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ कॉरिडोर आत्मनिर्भरता की ओर कदम

- पिछले साल के मुकाबले इस बार बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी पूंजीगत खर्च में 1 लाख करोड़ का इजाफा किया है।
- 2026-27 में 12.25 लाख करोड़ होंगे, जो कुल बजट का 22.8% है। केंद्र सरकार पिछले 5 साल से लगातार कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ा रही है।
- कैपिटल एक्सपेंडिचर से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, हाईवे, एसेट्स वगैरह बनाए जाते हैं, जिनसे रोजगार और व्यापार के नए मौके तैयार होते हैं।
- वहीं इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के लिए 40 हजार करोड़ की नई स्कीम लाई गई। इसमें सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट 'आईएसएम 2.0' शामिल है। अभी 90% सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन ताइवान में होता है।
- इसके अलावा ओडिशा, केरल, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु में रेयर अर्थ मिनरल्स कॉरिडोर बनाने की घोषणा हुई। अभी पूरी दुनिया रेयर अर्थ एलिमेंट्स के लिए चीन पर निर्भर है।
- बजट से साफ हो चुका है कि भारत सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ मिनरल्स के लिए ताइवान और चीन पर निर्भरता कम करना चाहता है और आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है।

### कोबरी-सार




## ऑपरेशन सिंदूर का असर, सेना को 1 लाख करोड़ ज्यादा
### 10 साल में सबसे बड़ा इजाफा; लड़ाकू विमान और इंजनों के लिए 64 हजार करोड़

**बजट पर ऑपरेशन सिंदूर का साफ असर दिखा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा बजट में पिछले 10 सालों का सबसे बड़ा इजाफा किया है। उन्होंने तीनों सेनाओं के लिए कुल 7.84 लाख करोड़ रुपए दिए हैं। यह 2025-26 के मुकाबले करीब 1 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। यानी कुल 15% की बढ़ोतरी हुई है। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। सरकार के मुताबिक 6 मई से शुरू हुआ यह ऑपरेशन आज भी चल रहा है। माना जा रहा है कि इसी के चलते डिफेंस बजट में बढोतरी की गई है।**

#### सेना को मिलने वाले बजट में मुख्य रूप से 4 पार्ट होते हैं :

1. **कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी हथियार खरीद के बजट में 22% की बढ़त**-इस बार तीनों सेनाओं के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर 2.19 लाख करोड़ रुपए मिले हैं, जो पिछले साल से 21.84% ज्यादा है। पिछले साल यह 1.80 लाख करोड़ रुपए था। इस बजट के ज्यादातर हिस्से का इस्तेमाल हथियार खरीद और मॉडर्नाइजेशन पर होता है।
2. **रेवेन्यू खर्च यानी सैलरी भी बढ़ सकती है**-इसमें सेना के वेतन, भत्ते और दैनिक संचालन का खर्च शामिल है। इसमें लगातार वृद्धि हुई है।
3. **रिटायर्ड सैनिकों के लिए पेंशन बजट**-डिफेंस पेंशन का बजट एक बड़ा हिस्सा है, जो पूर्व सैनिकों के लिए है, जिसमें लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है।
4. **सिविल डिफेंस बजट में मामूली कटौती**-इसमें रक्षा मंत्रालय के नागरिक प्रशासनिक खर्च और कोस्ट गार्ड के खर्चे शामिल होते हैं, जिनमें समय-समय पर मामूली बदलाव होते रहते हैं।




## सिगरेट के दाम 40% तक बढ़े



**फरवरी में 6 बड़े बदलाव हो रहे हैं। सिगरेट और तम्बाकू प्रोडक्ट्स महंगे हो गए हैं। वहीं अब से नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब केवाईवी (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा 1 फरवरी से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 50 तक महंगा हो गया है।**

#### जीएसटी बढ़ा, सिगरेट 40% तक महंगी होंगी

3 सितंबर 2025 को किए गए बदलाव के बाद अब 1 फरवरी से पान मसाला, खैनी और गुटखा जैसे तंबाकू उत्पादों पर 40% जीएसटी लगेगा। सेस हटा दिया गया है। अभी तक इन पर 28% जीएसटी के साथ कंपनसेशन सेस लगता था। इससे कुल टैक्स 50% से ज्यादा हो जाता था। सिगरेट पर उसकी लंबाई के आधार पर नई एक्साइज ड्यूटी भी लागू होगी।

#### फास्टैग यूजर्स को केवाईवी वेरिफिकेशन की जरूरत नहीं

नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब केवाईवी (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नई कार के लिए केवाईवी प्रोसेस बंद करने का फैसला किया है। साथ ही, जिन कारों पर पहले से फास्टैग लगा है, उनके मालिकों को भी अब रूटीन केवाईवी कराने की जरूरत नहीं होगी। इससे वाहन मालिकों को वैलिड डॉक्युमेंट होने के बावजूद लंबी वेरिफिकेशन प्रक्रिया के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अथॉरिटी के अनुसार, केवाईवी की प्रक्रिया को पूरी तरह खत्म नहीं किया गया है, बल्कि इसे जरूरत आधारित बना दिया गया है। अब सिर्फ केवाईवी तभी मांगा जाएगा, जब किसी फास्टैग के गलत इस्तेमाल, गलत तरीके से जारी होने या उसके लूज होने की कोई शिकायत मिलेगी।

## बजट पर प्रतिक्रियाएं



#### मोदी बोले- ये युवा शक्ति का बजट

पीएम मोदी ने आम बजट को युवाओं को बजट बताया है। कहा कि देश में रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है। ये स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी को मजबूत करने का प्रयास है। सबसे बड़ी पूंजी नागरिक, इसी में निवेश किया।



#### एआई से बुनियादी ढांचे तक, हर क्षेत्र को समेटे है बजट

मुख्यमंत्री शर्मा ने निवास पर बजट देखने के बाद इसे समावेशी और दूरदर्शी बताया. उन्होंने पीएम और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट निवेश और रोजगार से इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा देने वाला है.



#### चौथी से तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का विजन

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बजट को विकसित भारत 2047 का विजन बताया. उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक पायदान पर 11वें से चौथे स्थान पर आ गया है और अब तीसरे स्थान पर पहुंचने का प्रयास जारी है.



#### 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट को जनकल्याणकारी करार दिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण पर दिए गए जोर की सराहना की.



#### सपनों को पंख लगाने वाला बजट

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बजट को अर्थव्यवस्था और रोजगार को गति देने वाला बताया. उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ हर जन के सपनों को पंख लगाने वाला है.



#### ऊंची दुकान फीका पकवान, बजट पर बोले पूर्व : गहलोत

गहलोत ने इस बजट को राजस्थान की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला बताते हुए केंद्र सरकार पर प्रदेश के साथ सौतेले व्यवहार का आरोप लगाया है. कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान का बजट भाषण में कोई उल्लेख तक नहीं किया गया.



#### 'युवाओं के पास नौकरी नहीं, संकट में किसान : राहुल

बजट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने युवाओं, किसानों, निवेशकों का जिक्र करते हुए दावा किया कि ये बजट भारत के असली संकटों से अनजान है। कहा है कि केंद्रीय बजट में भारत के सामने मौजूद वास्तविक संकटों से आंख मूंद ली गई।




## रविदास जयंती मनाई



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** डॉ भीमराव अंबेडकर समिति व सर्व समाज समरसता एवं सर्वांगीण विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविदास जयंती मनाई गई। रविवार को समाज सुधारक एवं मानवता के पक्षधर संत शिरोमणि रविदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर 649वीं जयंती मनाई गई। शिक्षाविद मोतीलाल डिग्रवाल, बाबूलाल बडगूजर, राधेश्याम चिरानिया द्वारा संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारे को मजबूत करने तथा समाज व देशहित में सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर फूलचंद सुनिया, सेवकराम, रामकुमार डिग्रवाल, सज्जन कटारिया, गुलजारीलाल चावला, रतनलाल चेतीवाल, बाबूलाल बडगूजर, फूलचंद फुलवारिया, छोटेलाल गजराज, हुक्मीचंद, सोहनलाल बाकोलिया, बंसीलाल गुरावा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रही दादी-पोती को मारी टक्कर, मौत





निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** क्षेत्र के नजदीकी ग्राम सरगोठ स्टैंड एन एच 52 पर एक तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रही 70 वर्षीय पार्वती देवी पत्नी प्रभु सिंह व 13 वर्षीय अंबिका कंवर पुत्री भवानी सिंह निवासी सिंगोद कला पुलिस थाना गोविंदगढ़ को पिछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गई, दोनों को आसपास के लोगों ने कस्बे के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दोनों दादी-पोती को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को उप जिला अस्पताल कि मोर्चरी में रखवाया। वहीं हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों दादी-पोती पैदल सब्जी लेकर घर जा रही थी उसी दौरान अज्ञात कार ने पिछे से टक्कर मार दी।

## संत रविदास की जयंती मनाई



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** संत शिरामणी रविदास की जयंति रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में मनाई गई। उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कार्यकर्ताओं ने नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणी रविदास के दोहे आज भी युवाओ को संदेश देने का काम करते हैं। कहा कि उनके दोहों को ध्यान में रखते हुए मानव जीवन को सफल बनाना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, राजेश रोलन, मधु कुमावत, नेमीचंद कुमावत, श्रीहरि बियाणी, सुरेश सैनी, जितेंद्र माथुर, नंदकिशोर सैनी, वरूण कुशलेश शर्मा, भंवरप्रकाश शर्मा, बलदेव सिंह खंडेला, फुलचंद कुमावत, शिवभगवान बगडिया, जावेद खान किरडोली आदि मौजूद रहे।

## ठंड में भी नहीं रुका सेवा का संकल्प

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** प्रातः घने कोहरे के कारण दृश्यता लगभग शून्य थी और कड़ाके की ठंड के बीच जब शहर के अधिकांश नागरिक अपने घरों में विश्राम कर रहे थे, उसी समय अपने शहर से प्रेम करने वाले जागरूक नागरिकों का समूह टीम आवर फॉर नेशन के बैनर तले प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान परिसर में स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से जुटा रहा। यह दृश्य न केवल प्रेरणादायी थाए बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान के निदेशक नितिन गोयल स्वयं श्रमदान में सहभागी बने और टीम का उत्साहवर्धन किया। अभियान की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि पूर्व डीआरएम श्री अनिल दूबेए जो वर्तमान में कोलकाता में कार्यरत हैं, अपनी पत्नी मीरा दूबे के साथ विशेष रूप से बीकानेर आकर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। दूबे का बीकानेर से गहरा जुड़ाव रहा है और अपने कार्यकाल के दौरान वे नियमित रूप से ऐसे अभियानों में भाग लेते रहे हैं। आज भी वे बीकानेर से निरंतर जुड़े हुए हैं और टीम के लिए कोलकाता से विशेष मिठाई भी साथ लाए। स्वच्छता अभियान के पश्चात परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुँचा। इसी क्रिम में टीम आवर फॉर नेशन की एक और पहल के अंतर्गत ईशान शर्मा के नेतृत्व में बीकानेर रन क्लब के बैनर तले साप्ताहिक रन का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 30 युवाओं ने सहभागिता कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। आज के स्वच्छता अभियान में सीए वसीम, बसंत, इन्द्र सिंह एजीएमए बीएसएनएल, डॉ. विशाल मलिक, डॉ. फारूक, रामहंस मीणा, मानक व्यासए अनिल दूबे ;पूर्व डीआरएमद्धए सुशील यादवए गुरमोहन सेठीए नितिन गोयल निदेशक, गजेंद्र सरीन, मीरा दूबे, दीपा सिंह, कपिला शर्मा, भूपेंद्र खत्री एसडीई एवं घनश्याम स्वामी सहित अनेक जागरूक नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। टीम आवर फॉर नेशन का यह निरंतर प्रयास यह दर्शाता है कि यदि नागरिक संकल्प लें तो सीमित संसाधनों में भी बड़े सामाजिक परिवर्तन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक बीकानेर के निर्माण हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## सेन ने संभाली नारायणी सेना तेलंगाना प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पचेरी निवासी व हाल आबाद हैदराबाद अशोक सेन को नारायणी सेना तेलंगाना प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सेन को यह जिम्मेदारी नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गहलोत द्वारा सौंपी गई है। वर्तमान में सेन राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संघ तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष पद व तेलंगाना जन चेतना नाई ब्राह्मण सेवा संगम के प्रदेश महासचिव पद पर आसीन है। वो भारतीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष भी है। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य कर रहें है। सेन ने श्री नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा की वे पूरी निष्ठा, समर्पण व ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

# केंद्रीय बजट को भाजपा पदाधिकारियों ने विकसित व आत्मनिर्भर भारत का बजट बताया

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए बजट को भाजपा पदाधिकारियों ने सर्वांगीण विकास वाला बजट बताया है। भाजपा पदाधिकारियों ने बजट को संतुलित और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत के सपनों का बजट बताया है। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बजट का लाईव प्रसारण देखा। भाजपा पदाधिकारियों ने केंद्रीय बजट को विकसित व आत्मनिर्भर भारत का बजट बताया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, राजेश रोलन, मधु कुमावत, नेमीचंद कुमावत, श्रीहरि बियाणी, जितेंद्र माथुर, नंदकिशोर सैनी, वरूण कुशलेश शर्मा, भंवरप्रकाश शर्मा, बलदेव सिंह खंडेला, सुरेश सैनी, फुलचंद कुमावत, शिवभगवान बगडिया, जावेद खान किरडोली आदि मौजूद रहे।

**प्रतिक्रियाएं :** पांच लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में 12 लाख करोड़ का बजट देकर विकसित शहर के सपने को साकार किया है। एमएसएमई में 10 हजार करोड़ का अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया है। अटलजी के सपनों को पूरा करने के लिए 22 नए जल मार्ग बनाए जाएंगे। सात नए हाई स्पीड ट्रेनों के कॉरीडोर बनेंगे। किसानों सहित अंतिम पंक्ति के लोगों को राहत केंद्र के बजट में मिली है। मनोज बाटड़, भाजपा जिलाध्यक्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार का 12वां बजट विकसित भारत का बजट है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में आम, युवा, गरीब, महिलाओं व किसानों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया है। सात नए रेल के कॉरीडोर से आवागमन के साधन आसान होंगे। असाध्य बीमारियों की दवाएं सस्ती करने से मरीजों को राहत मिलेगी। रतनलाल जलधारी, पूर्व विधायक

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत को ध्यान में रखकर पेश किया है। सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी बजट पेश कर महिला, युवा, किसानों, उद्यमियों को राहत प्रदान की गई है। नेमीचंद कुमावत, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा

केंद्र सरकार के बजट में छोटे करदाताओं को काफी राहत दी गई है। आईटीआर वन व टू की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर राहत प्रदान की है। एनआर को टिन नंबर की पैन नंबर से ही संपत्ती बैच सकेंगे। प्रत्येक जिलों में सरकार गर्ल्स हॉस्टल बनाएगी। श्रीहरि बियाणी, कोषाध्यक्ष, भाजपा केंद्रीय बजट में मेडिकल पर्यटन के लिए काफी राहत प्रदान की है। रेलवे, जल मार्गों के लिए नए कॉरीडोर बनाकर आवागमन के साधनों में बढ़ोतरी करने का काम किया है। सीए राजीव लोचन शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर बजट पेश किया है। व्यापारी, किसान, मजदूर व छोटे करदाताओं के लिए नई घोषणाओं से राहत देने का काम किया है। केंद्र सरकार का बजट विकसित भारत के सपने का साकार करेगा। पवन मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कोई नया कर नहीं देकर राहत प्रदान की है। मजदूरों से जुड़े छोटे उद्योगों पर टैक्स कम कर रोजगार को बढ़ावा दिया है। टैक्स की स्लैब स्थाई रखकर करदाताओं को भी राहत प्रदान की है। जितेंद्र माथुर, जिला मीडिया संयोजक, भाजपा


## बड़जात्या के निधन पर शोक सभा आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जैन समाज की प्रमुख संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क स्थाई सेवा प्रकल्प जीवन सुधा जैन डिस्पेन्सरी 27 जनवरी को दिवंगत हुए डॉ. सुवालाल बड़जात्या की शोक संवेदना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन मंत्री दीपक सेठी ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ सुवा लाल का जन्म 1931 को सीकर में हुआ युवा अवस्था में शिक्षा-दीक्षा प्राप्त कर सामाजिक सरोकारों के प्रति उन्मुख हुये और सामाजिक क्षेत्र में तन मन धन से सेवा करते हुये खण्डेलवाल दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र, खण्डेला के अध्यक्ष जैन एज्युकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं महावीर इन्टरनेशनल के अध्यक्ष ज्ञान सागर सेवा मंच के संरक्षक रहते हुये संस्थाओं को उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया।कुशल कल्याणी करकमलों से जनसामान्य की चिकित्सा सेवा छः दशक पूर्व प्रारम्भ की और लगभग हजारों मरीजों का निशुल्क इलाज कर चुके हैं। एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति की श्रेष्ठतम शिक्षा ग्रहण कर इसकी निःशुल्क एवं निःस्वार्थ सेवा जनसामान्य को प्रदान करने लगे। उल्लेखनीय है कि प्रियंक गंगवाल ने बताया कि वर्ष 1998 से जीवन सुधा जैन डिस्पेन्सरी के संस्थापक एवं वरिष्ठ चिकित्सक के रूप में निरंतर शतायु उम्र के पड़ाव पर भी निः शुल्क एवं निः स्वार्थ चिकित्सा सेवा प्रधान कर हजारों रोगियो को आरोग्य बनाया और उत्कृष्ट चिकित्सा एवं समाज सेवा को सामाजिक एवं शासकीय स्तर पर अनेको बार अलंकृत किया गया इसी श्रृंखला में श्री महावीर जयंती 2025 के पावन अवसर पर स्वास्थ्य सेवा शिरोमणी अलंकृण मंडल परिवार द्वारा तथा स्वतंत्रता दिवस 2025 को शासन स्तर पर स्वायत्य शासन मंत्री राजस्थान सरकार एवं जिला कलेक्टर महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर कोलम्बो युनिवर्सिटी, श्रीलंका द्वारा षगोल्ड मेडल प्रदान किया गया। एक्यूप्रेशर चिकित्सक रूक्मानंद वर्मा जैन एजुकेशन ट्रस्ट से पदम पिरका नरेश कालिका मनोज बज एवं महावीर इंटरनेशनल से राजेंद्र पहाड़िया शिव कुमार सुनील दीवान कांता साबू कजोड़ मल छाबड़ा कैलाश जयपुरिया निर्मल भारतीया पवन छाबड़ा पवन पालवास सुनील पाटनी टीकम सेठी आलोक सेठी गोपाल काला पंडित आशीष आलोक काला नरेश काला राजकुमार सुशील बड़जात्या मनोज ठोलिया नरेश विनोद संगही प्रियंक गंगवाल जैन मित्र मंडल परिवार एवं जीवन सुधा जैन डिस्पेंसरी के समस्त सदस्यों संवेदनाएं व्यक्त की।

## आचार्यश्री के आगमन को लेकर तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** 05 फरवरी को आचार्य श्री महाश्रमण के लाडनूं आगमन को लेकर जैन विश्व भारती सहित शहर भर में तैयारियां जोरों शोरों से चल रही है। इसी क्रम में नगर पालिका द्वारा सौंदर्यकरण कार्यों को गति देते हुए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विकास और मरम्मत के कार्यों को रफ्तार दी गई हैं। यहां मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़े डिवाइडर को अब दोबारा संवारा गया है। नगर पालिका द्वारा शुरू किए गए इस कार्य में डिवाइडर की मरम्मत कर इसके दोनों तरफ लोहे की जाली लगाकर पूरा कवर किया गया है। डिवाइडर की खराब पड़ी लाईटों को भी अब दुरुस्त कर दिया गया है। इससे जहां एक और यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ वहीं यह बस स्टैंड पर दूधिया प्रकाश से शहर का सौंदर्य बढ़ने लगा है। ईओ हरेंद्र चौधरी के निर्देश पर शहर में अलग-अलग टीमें गठित कर सफाई और विकास कार्यों को गति प्रदान की गई है। गौरतलब रहे कि 5 फरवरी से आचार्यश्री का लाडनूं में योगक्षेम प्रवास वर्ष शुरू हो रहा है इस दौरान शहर में देश-प्रदेश से श्रद्धालुओं का आवागमन रहेगा। ऐसे में शहर को साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से सौंदर्यकरण कार्य कराए जा रहे हैं।

## पुलिस चौकी बीड़ को बैरिकेट भेंट




जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कृषिका वेल्डिंग बाजार झुंझुनू के संचालक एवं आवाम ग्रुप के सदस्य सीताराम बास बुडाना ने बताया कि आज पुलिस चौकी बीड़ पर आवाम टीम ने उपस्थित होकर चौकी प्रभारी एएसआई रघुवीर सिंह एवं उनकी टीम को लोहे से निर्मित सुसज्जित एक बैरिकेट भेंट किया ताकि यहां पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने हेतु काम में ले सके। यह बैरिकेट पुलिस चौकी बीड़ के स्टाफद्वारा चिड़ावा दिल्ली मार्ग पर नाकाबंदी करने में काम में लिया जाएगा। अजय वर्मा ने पोस्टर से ट्रैफिक रूल्स को ध्यान में रखने हेतु संदेश दिया। इस दौरान चौकी प्रभारी एएसआई रघुवीर सिंह, कांस्टेबल होशियार सिंह, सीताराम बास बुडाना, स्टेशन मास्टर संजीव बारूपाल, इंद्राज सिंह भूरिया, राजेश हरिपुरा, महेश जसरापुर, अजय वर्मा, मदनलाल गुडेसर, संदीप टंडन आदि उपस्थित रहे।

## गांव के विकास में भामाशाहों का रहा विशेष योगदान : तंवर



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत काजड़ा के विकास में भामाशाहों का विशेष योगदान रहा है यह बात वार्ड नं चार स्थित इंदिरा कॉलोनी में भामाशाहों द्वारा करवाए गए समाज कल्याण भवन की चारदीवारी के लोकार्पण समारोह में बोलते हुए काजड़ा प्रशासक मंजू तंवर ने कही। चारदीवारी का निर्माण भामाशाह प्रवीण कुमार काजड़िया द्वारा अपने माता-पिता एवं कौशल काजड़िया ने अपने दादा-दादी स्वर्गीय श्यामसुंदर काजड़िया व मैना देवी काजड़िया की पुण्य स्मृति में करवाया था। इस दौरान प्रशासक मंजू तंवर ने भामाशाह प्रवीण काजड़िया, रचना काजड़िया एवं कौशल काजड़िया का आभार व्यक्त करते हुए गांव के विकास में भामाशाहों के योगदान को सराहा। उन्होनें कहा कि उनके कार्यकाल में भामाशाहों द्वारा गांव के विकास में अनगिनत कार्य हुए है। इस मौके पर कैलाश नागवान, भीम सिंह शेखावत, भगवती प्रसाद स्वामी, प्यारेलाल मिस्त्री, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल गाँधी, अशोक कुमावत, नाहर सिंह शेखावत, अनिल जांगिड़, होशियार सिंह सिंगाठिया, विनोद सोनी, संदीप शेखावत, धीर सिंह नायक, लीलाधर सैनी, सुरेश नायक, किशन सिंह शेखावत, सुमेर सिंह शेखावत, योगेश मेघवाल, अशोक चोपड़ा, मुकेश स्वामी, जयलाल कुहाड़वासिया, आकाश स्वामी, मुकेश नायक, राजेंद्र नायक, पंकज मेघवाल, सत्यवीर सिंह उर्फ दान, धर्मेन्द्र शेखावत, रवि शर्मा, योगेश स्वामी, राजेन्द्र सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत सिंह तंवर आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमाल अध्यक्ष व भाटिया बने मंत्री

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** श्रीराजलदेसर गोशाला परिसर में शनिवार देर शाम को युवा विकास समिति की आम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति संरक्षक ललित दाधीच ने की। बैठक में संरक्षक पवन झेड़ू, निवर्तमान अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल मंचस्थ रहे। बैठक का शुभारंभ निवर्तमान मंत्री मदन दाधीच ने समिति का लेखा जोखा पेश किया। बैठक का मुख्य एजेंडा अध्यक्ष निर्वाचन था। इसको लेकर समिति संरक्षक पवन झेड़ू को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में चर्चा के दौरान शिवभगवान सोनी ने अध्यक्ष पद के लिए मुकेश श्रीमाल के नाम प्रस्ताव रखा जिसपर सर्व सम्मति से श्रीमाल को अध्यक्ष चुना गया। मंत्री के लिए विनोद भाटिया का प्रस्ताव रखा सर्वसहमति से भाटिया को नियुक्त किया गया वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए एडवोकेट रोहित मारू, उपमंत्री के लिए शिवभगवान सोनी कोषाध्यक्ष के लिए सीताराम गर्ग के नाम पर सर्व सम्मति बनी। मंचस्थ अतिथियों के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष का साफा दुपट्टा पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी । साथ ही मंत्री एउपमंत्री एवरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष का भी दुप्पटा पहनाकर सम्मान किया गया । निवर्तमान अध्यक्ष रतनलाल बारूलाल ने कहा कि 3 वर्ष में जिस प्रकार से सभी के सहयोग से जरूरतमंद परिवारो की सेवा करने का मौका मिला है उनको कभी नहीं भूल सकता समिति के माध्यम से ही मेरे को इतनी पहचान मिली है सभी सदस्यों ने मेरा भरपूर सहयोग किया । आगे भी ये डोरी टूटनी नहीं चाहिए नवनियुक्त अध्यक्ष बहुत ही ऊर्जावान, युवा है निश्चित तौर पर सभी को साथ लेकर समिति को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे । संरक्षक ललित दाधीच ने कहा कि समिति की नियमित बैठक आयोजित करें तथा नए व्यक्तियों को जोड़ने का कार्य करें तथा इसी प्रकार से सेवा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से कार्य करते रहे सम्मान के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए समिति की पहचान हो इस प्रकार से काम करें । निर्वाचन अधिकारी पवन झेंडू ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए निरंतर सेवा के कार्य करने की बात कहीं । इस मौके पर महावीर पारीक, रमेश सारस्वत, कैलाश सोनी, कन्हैया लाल शर्मा, मांगीलाल प्रजापत, कन्हैया लाल सोनी, लालचंद सारस्वत, एडवोकेट जगदीश बालनिया, राजेन्द्र राजपुरोहित, राजेश पाण्डे, पंडित बृजेश दाधीच, सुरेंद्र टाक मांगीलाल निरानिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सवर्ण समाज की बैठक में यूजीसी के नियमों का किया विरोध

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री गौड़ विप्र परिषद समिति श्रीमाधोपुर के परशुराम सभागार में आयोजित हुई सवर्ण समाज की बैठक में यूजीसी नियम 3(सी) को भेदभावपूर्ण बताते हुए पूरजोर विरोध के साथ इसे निरस्त करने की मांग की गई है। परशुराम सभागार में सवर्ण समाज की बैठक के परिचर्चा हुई जिसमें बाबूलाल चौधरी ने कहा कि यूजीसी नियम भेदभाव को संस्थागत रूप देता है और सभी वर्गों को समान न्याय नहीं देता। इससे सामान्य और उच्च जातियों के लोगों को शिकायत निवारण तंत्र से बाहर कर दिया जाता है, चाहे उनके साथ भेदभाव की प्रकृति कितनी भी गंभीर क्यों न हो। जाति के आधार पर शिकायत निवारण सुविधाओं से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14, 15 (1) और 21 का उल्लंघन है। दिनेश सिंह शेखावत ने कहा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियम पाँच परिवर्तनों में प्रमुख सामाजिक समरसता का विरोधी है जो कॉलेज, विश्वविद्यालयों में सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देंगे। यूजीसी के इन नियमों का पूरजोर विरोध करते हुए इक्विटी रेगुलेशन 2026 के नियम 3(सी) पर रोक लगाने की मांग के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी को दिया जाएगा। बैठक में बाबूलाल चौधरी, श्रवण सिंह शेखावत, दिलीप सिंह शेखावत, नन्द किशोर खूटेटा, दीप चंद्र बागरियावास, विप्र सेना विधानसभा अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, श्री गौड़ विप्र समाज के मार्गदर्शन मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष एड. राजेन्द्र शर्मा, विजय शर्मा, दीपेंद्र भारद्वाज, बृजेन्द्र जोशी, रामजीलाल शर्मा, नरेश भिंडा, वीरेंद्र सिंह, रामवतार महर्षि, विशाल बोहरा, तपेंद्र कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, अजय नागलका, अजय मिश्रा, परशुराम भातरा, मनोज लोकनाथका, सोनू गोठवाल, हेमंत शर्मा, महेश ढाणी वाला आदि मौजूद रहे। मंच संचालन परशुराम भातरा ने किया और श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले सवर्ण समाज द्वारा 3 फरवरी सुबह 10 बजे अग्रसेन भवन श्रीमाधोपुर के पास इकट्ठा हो कर सामूहिक आक्रोश रैली के रूप में पहुंचकर उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सवर्ण समाज में आने वाली सभी जातियों के सम्मानित लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

# सुथार बने विश्वकर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** विश्वकर्मा भवन में विश्वकर्मा सेवा समिति की मीटिंग समाज के प्रमुख व्यक्तियों के सानिध्य में संपन्न हुई। जिसमें समाज के व्यक्तियों ने 2 साल के कार्यकाल को लेकर विस्तार से चर्चा की साथ ही चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी सभी ने अपने-अपने सुझाव व्यक्त किए। जिसको लेकर समाज के प्रमुख रूपचंद सुथार की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया को लेकर उपस्थित व्यक्तियों से सुझाव मांगे जिसमें सर्व सहमति से देवकिशन सुथार को फिर से विश्वकर्मा सेवा समिति का अध्यक्ष की घोषणा की। जिस पर समिति के सभी सदस्यों ने देवकिशन सुथार का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष के पद पर कालूराम, मिर्जा राम, मंत्री भीकमचंद सुथार, उप मंत्री विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष रूपचंद सुथार, उप कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, प्रचार मंत्री इन्द्रचंद, हुलासाराम, सदस्य भागीरथ सुथार, प्रेम सुख सुथार, दीपचंद सुथार, बाबूलाल सुथार आदि को कार्यकारिणी सदस्य में सम्मिलित किया गया। नवनियुक्त विश्वकर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष देवकिशन सुथार ने कहा कि समाज के अंदर बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करवाना साथ ही समाज के प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर हमेशा सुख-दु:ख में भागीदार बनेगा इस अवसर पर समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने सभी पदाधिकारी का स्वागत किया।

# एयू जयपुर मैराथन 2026: फ्लैग ऑफ के साथ दौड़े एक लाख से अधिक धावक

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर की सड़कों पर रविवार सुबह खेल, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। संस्कृति युवा संस्था और वर्ल्ड ट्रेड पार्क की ओर से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक तथा राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित एयू जयपुर मैराथन 2026 में एक लाख से अधिक धावकों ने भाग लेकर नया इतिहास रच दिया।

सुबह तड़के तीन बजे से शुरू हुए इस भव्य आयोजन ने पूरे शहर को फिटनेस उत्सव में बदल दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मैराथन को फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा, वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चेयरमैन अनूप बरतरिया, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सीओओ योगेश जैन, आवास फाइनेंस के एमडी सचिंदर भिंडर, आईएनए सोलर के एमडी विकास जैन, मेंहदीपुर बालाजी मंदिर के महंत नरेशपुरी, जयपुर ग्रेटर नगर निगम के निवर्तमान उपमहापौर पुनीत कर्णावट, भाजपा कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल, रेस डायरेक्टर एवं जयपुर रनर्स के को-फाउंडर रवि गोयनका तथा मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा मौजूद रहे। आयोजन का विशेष आकर्षण रहे फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन, जिन्होंने 21 किमी इंटरनेशनल हाफमैराथन में स्वयं दौड़कर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा ने कहा कि एयू जयपुर मैराथन केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को जन-आंदोलन बनाने का प्रयास है। 17वें संस्करण की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जयपुर देश के प्रमुख मैराथन शहरों में शामिल हो चुका है। अगले वर्ष 18वां संस्करण ऐतिहासिक होगा। मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा विभाग, स्वयंसेवकों और धावकों का आभार जताते हुए कहा कि यह आयोजन खेल, विज्ञान और सामाजिक एकता का अनूठा उदाहरण है। फिटनेस अब केवल व्यक्तिगत लक्ष्य नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी बन चुकी है।

### दो वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का गवाह बना आयोजन

एयू जयपुर मैराथन 2026 में दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए गए। पहला रिकॉर्ड विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् के गायन का रहा, जो किसी खेल आयोजन में पहली बार हुआ। दूसरा रिकॉर्ड एक विज्ञान प्रयोग के माध्यम से मां - द सेंटर ऑफबैलेंस को प्रदर्शित कर बनाया गया।

### सुरक्षा और व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

आयोजन के दौरान प्रतिभागियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई। मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, जलपान केंद्र, ट्रैफिक प्रबंधन और स्वयंसेवकों की व्यापक व्यवस्थाओं के चलते सभी दौड़ें सुचारू और समयबद्ध रही।

### देश-विदेश से सहभागिता

मैराथन में 32 देशों के धावकों ने हिस्सा लिया। स्पेशली एबल्ड बच्चों और फिजिकली चैलेंज्ड प्रतिभागियों की भागीदारी ने आयोजन को और प्रेरणादायक बनाया।

# बाबा रामदेव का मेला परवान पर



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** कस्बे के बाबा रामदेव मंदिर में चल रहा रामदेव का वार्षिक मेला परवान पर है। पांच दिवसीय वार्षिक मेले के चौथे दिन रविवार को धोक लगाने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। मंदिर के पुजारी हरि गोस्वामी ने बताया कि पूर्णिमा के दिन तारानगर तहसील सहित दूर दराज क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के मंदिर में धोक लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। मेले के चौथे दिन मंदिर में धोक लगाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे लगाते हुए मंदिर में खीर-चूरमें व नारियल का भोग लगाया। मेले में बच्चों व महिलाओं ने जमकर खरीदारी कर खूब लुफ्त उठाया।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती पर किया नमन



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** संत शिरोमणि रविदास जयंती पर फतेहनाथ की बगीची में पूर्व विधायक सुभाष पूनियां के नेतृत्व में संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर फतेहनाथ धुना महंत राजेश नाथ भी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक सुभाष पूनियां ने संबोधित करते हुए संत शिरोमणि रविदास की दी हुई शिक्षा को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। शिक्षाविद् मोतीलाल डिग्रवाल ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र भाटिया ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, सुनील पालीवाल, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नथूराम लाइनमैन, एडवोकेट राजेश चीरानिया, निरंजन सारानिया, राधेश्याम चीरानिया, जगदीश प्रसाद, राजकुमार बडगुर्जर, मंदरूप भगत, श्यामलाल कटारिया, कुंदन लाल कटारिया, महेंद्र सुनियां, फूलचंद मास्टर, मोहनलाल बडगुर्जर, महावीर धानका सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्धों की धरपकड़ के लिएचलाया सर्च अभियान



निसं

**रींगस (नवयत्न)।** सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार नूनावत के निर्देश पर पुलिस ने संदिग्धों की धरपकड़ के लिए शहर के अनेक स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अनेक झुग्गी झोपड़ियो की तलाशी भी ली। थानाधिकारी सुरेश कुमार देवन्दा ने बताया कि संदिग्धों व आपराधिक पृष्ठभूमियों के लोगों की धरपकड़ की जा रही है। इसके तहत कस्बे के अनेक स्थानों पर सर्च अभियान चलाया गया। भैरूजी मोड, खाटू रोड, मील तिराहे, रेलवे स्टेशन सहित अनेक स्थानों पर तलाशी ली गई तथा आपराधिक प्रवृति के लोगों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान भैरूराम, आसूचना अधिकारी विजय कुमार, देवी लाल, दिनेश कुमार, सुनिल मीणा सहित अनेक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# भारत के सुनहरे और विकसित भविष्य की दिशा में ऐतिहासिक बजट : कुमावत

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट भारत के सुनहरे और विकसित भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। कर्तव्य भवन में प्रस्तुत किया गया यह पहला बजट है, जिसमें देश के समग्र विकास और प्रत्येक नागरिक के कल्याण को ध्यान में रखते हुए तीन प्रमुख कर्तव्यों- आर्थिक विकास एवं रोजगार वृद्धि, जनता की अपेक्षाओं की पूर्ति तथा सबका साथ, सबका विकास सुनिश्चित करना, को केंद्र में रखा गया है। मंत्री कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राजस्थान जैसे राज्यों को इस बजट का सीधा लाभ मिलेगा।

### कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती

जोराराम कुमावत ने कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। एआई और आधुनिक तकनीक के माध्यम से कृषि उत्पादकता बढ़ाने, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग को प्रोत्साहन देने की योजना बनाई गई है। साथ ही महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के तहत स्थानीय उद्योग और हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है। स्टार्टअप, एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय आर्थिक विकास को गति मिलेगी और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलेगा। विदेश यात्रा और विदेशों में पढ़ाई करना भी सस्ता होगा। यह बजट राजस्थान सहित पूरे देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करेगा।

# वार्षिक समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



निसं

**नीमकाथाना (नवयत्न)।** कस्बे की छावनी चिंकारा कैंटीन के पास स्थित क्षेत्र की शिक्षण संस्थान न्यू सेंट्रल एकेडमी स्कूल में लम्हे 2.0 वार्षिक समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव समारोह में प्रबंधन प्राचार्य स्टाफ हजारों विद्यार्थियों व अभिभावकों की उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम के संस्था के अध्यक्ष केपी सिंह, स्कूल के डायरेक्टर नगेंद्र सिंह महावा व प्राचार्य शोभा शेखावत मुख्य आयोजन कर्ता रहे। न्यू सेंट्रल एकेडमी स्कूल के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुर्जर, राजेश टेलर, श्रीपाल सिंह, कौशल सिंह राठौड़, विजयपाल कुड़ी, सतवीर सिंह, नीतू सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 700 बच्चों ने भाग लिया व रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर व भारतीय संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोर्ड क्लासेस में राज्य मेरिट लाने वाले विद्यार्थियों को लेपटॉप देकर सम्मानित किया गया।

# गुड लक पार्टी आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अंतर्गत एसबीएन स्कूल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आगामी बोर्ड परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाओं के साथ एक भव्य गुड लक पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश नवहाल, महेंद्र सैनी, राजू बागवान सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज निदेशक डॉ मुकेश बल्डवाल, सचिव इंजीनियर प्रदीप धायल, विद्यालय प्रधानाचार्य सागरमल दूधवाल, कॉलेज प्राचार्य सुरेश जाट एवं कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया तथा स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान की गई। सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि इस विद्यालय में विद्यार्थियों को केवल सफल ही नहीं बल्कि संवेदनशील, संस्कारी एवं देशभक्त नागरिक बनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर, कोई शिक्षक बनेगा तो कोई सच्चा सेवक और देशभक्त नागरिक बनेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आप भविष्य में इतिहास पढ़ने वाले नहीं बल्कि इतिहास रचने वाले विद्यार्थी बनेंगे। एसबीएन स्कूल के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिस शिष्य को कभी गुरु द्वारा नकारा गया, वही आगे चलकर संसार में अपनी रोशनी फैलाता है और अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करता है। उन्होंने उस प्रेरक प्रसंग का उल्लेख किया जिसमें एक बालक को विद्यालय द्वारा मंदबुद्धि का पत्र दिया गया, किंतु उसकी माता ने उसमें उसके उज्ज्वल भविष्य की संभावना देखी और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और वही बालक आगे चलकर महान बना। कॉलेज प्राचार्य ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की सच्ची कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे भय और संकोच को त्यागकर पूरे आत्मबल के साथ परीक्षा में सम्मिलित हों। अंत में एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य, सफलता एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणामों के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान की गई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई संत रविदास की जयंती



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शहर में संत रविदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रैगर बस्ती स्थित संत रविदास आश्रम से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान अनेक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। पंडित मोहनलाल के सानिध्य में निकाली गई शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ सैंकड़ों की संख्या में समाज बन्धुओं ने भाग लिया। संपत कासोटिया, लक्ष्मण बाकोलिया, छगन बाकोलिया, कानाराम, किसन तुनगरिया, गिरधारीलाल मंडावरिया, पांचूराम, पार्षद बाबूलाल कुलदीप, गणेश मंडावरिया, मोहनलाल बांसीवाल, सुरजाराम डाबरिया, बजरंग मंडावरिया, ओमप्रकाश, रामचंद्र, राधेश्याम, कमल जाटोलिया, अनिल सुवासिया, महेंद्र, बीरबल फलवाड़िया, मोतीलाल मंडावरिया सहित अनेक युवा और महिलाओं ने शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी। जगह-जगह विभिन्न समुदाय के लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। गांधी चौक में भाजपा नेता संतोष मेघवाल के नेतृत्व में लोगों ने पुष्पवर्षा की। श्याम मंदिर के पास ओमप्रकाश बोहरा, प्रेम स्वामी, मनोज बोहरा, सुरेंद्र आदि ने पुष्पवर्षा की।

# विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का किया स्वागत



निसं

**रींगस (नवयत्न)।** विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल जांगिड़ का केआरएम में भव्य स्वागत किय गया। इस दौरान रामगोपाल जांगिड़ को साफा बांध कर, माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य व केन्द्र की योजनाओं का अधिक से अधिक लाम आमजनता को बताए तथा लाभान्वित करे। इस दौरान कैलाश कुमावत, राजीव पारीक, मुकेश कुमार जांगिड़, सतीश जांगिड़, मूल चन्द्र जांगिड़, महावीर पारीक, मक्खन लाल जांगिड़ सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# बैठक आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कृष्ण गौशाला अरनिया की मासिक मीटिंग में माह दिसंबर 2025 व जनवरी 2026 का हिसाब किताब किया गया। गौ माताओं की सेवा सुश्रुषा पर चर्चाएं की गई एवं समिति के अनुपस्थित सदस्यों को मौखिक व लिखित नोटिस देकर के अगली मीटिंग में उपस्थित होने के लिए पाबंद किया जाएगा। इस अवसर पर गौशाला के कई सदस्य मौजूद थे।

# रोल साबसर की जयंती मनाई



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के चतुर्थ संघ प्रमुख पूज्य भगवानसिंह रोल साबसर की जयंति कार्यक्रम बगडा भवन बस स्टैंड पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विक्रमसिंह ढींगसरी ने पूज्य श्री के जीवन पर प्रकाश डाला। आपने आजीवन क्षात्र धर्म के अनुसार जीवन जीकर इस भौतिकतावाद के युग मे हमेशा कमल की तरह जीवन बिताया आखिरी समय तक समाज सेवा व राष्ट्र सेवा मे लगे रहे व असली क्षत्रिय का जीवन जीकर लाखों बंधुओ को क्षात्र धर्म के मार्ग पर चलने का शिक्षण दिया। राजेन्द्र सिंह धोलिया ने पूज्य श्री द्वारा बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता बताई व महापुरुषों का जीवन परोपकार के लिए होता है। रविन्द्र सिंह छप्पारा ने शिक्षा और उसके साथ संस्कारो की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। नरपतसिंह रताऊ ने समय की पाबंदी व अपनी जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता बताई कार्यक्रम के व्यवस्थापक मोहनसिंह लाडनूं, हुकम सिंह गनोडा, के साथ देवेन्द्र सिंह लाछडी, रमेशसिंह दुजार, मनोहर सिंह सांवराद, रविन्द्र सिंह दूजार, शेरसिंह हुडास ने जिम्मेदारी निभाई।

# बिजली कटौती बनी परीक्षा तैयारी में बाधक

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** आगामी 12 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर, राजस्थान की बोर्ड परीक्षाएं शुरू जाने जा रही है। बोर्ड में प्रति वर्ष लगभग 20 लाख परीक्षार्थी शामिल होते हैंए मुख्य परीक्षा 2026 में भी लगभग 21 लाख बच्चे तैयारी में जुटे हैं। लेकिन सुबह शाम बिजली कटौती और आंख मिचौली बच्चों की तैयारी में बाधा बन रही है। अखिल भारतीय आदिवासी महिला विकास परिषद की जिला अध्यक्ष रामेश्वरी मीना ने बताया कि बिजली विभाग की इस कटौती का यह खेल पिछले 15 दिनों से चल रहा है और बच्चों की तैयारी पर विपरीत असर पड़ रहा है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी का यह समय परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण होता है। जिलाध्यक्ष रामेश्वरी देवी ने अतिरिक्त जिला कलक्टर, सुजानगढ़ को पत्र लिखकर बच्चों की इस समस्या अवगत कराया और बिजली व्यवस्था को सुचारु ढंग से उपलब्ध कराने की ओर ध्यान दिलाया।

# झुंझुनू रेलवे जंक्शन संघर्ष: भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, मंत्री व विधायक को ज्ञापन


बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के जन आंदोलन झुंझुनूं मांगे रेलवे जंक्शन के तहत समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़, शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर तथा झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भांबू को ज्ञापन सौंपकर झुंझुनू रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने और रेल सेवाओं के विस्तार की मांग रखी। इस अवसर पर नेताओं ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुना और रेलवे जंक्शन सहित प्रस्तावित रेल सुविधाओं के संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सिफारिश पत्र लिखने का आश्वासन दिया। समिति अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि ज्ञापन में झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाने हेतु झुंझुनू से बिसाऊ, मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी, रतनगढ़, मण्ड्रेला, पिलानी, सादुलपुर, चनाना, जसरापुर, खेतड़ी, निजामपुर, गुढ़ा, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना, शाकम्भरी, लोहार्गल एवं सालासर तक नई रेल लाइनें बिछाने की मांग की गई है। साथ ही झुंझुनू होकर अहमदाबाद, सूरत, पुणे, मुंबई, कोलकाता, गोवाहाटी, हरिद्वार, दिल्ली, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, जोधपुर, उदयपुर सिटी, श्रीगंगानगर सहित लोहारू-जयपुर-लोहारू रूट पर नई ट्रेनों के संचालन की भी मांग रखी गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति के प्रतिनिधिमंडल में शिक्षाविद इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया, रियाज फारूकी, प्रशांत जोशी, मनीष अग्रवाल, श्रीराम सैनी, इंजीनियर घड़सीराम सैनी, ठेकेदार मुकेश पातूसरी, विनोद सैनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# शहर महज आवास नहीं, आर्थिक अवसंरचना का हैं रूप



यह अच्छा है कि बजट से पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनेक चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया। इनमें से एक है शहरों का सही तरह विकास न होना। चूंकि इस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है, इसलिए उसकी महत्ता भी समझी जानी चाहिए और उस पर गंभीरता से ध्यान भी दिया जाना चाहिए। इससे शायद ही कोई असहमत हो कि शहर महज आवास नहीं हैं।

वे एक महत्वपूर्ण आर्थिक अवसंरचना का रूप हैं। इसीलिए उन्हें आर्थिक विकास का इंजन कहा जाता है। हमारे शहर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान तो बढ़ा रहे हैं, लेकिन वे सुगम नागरिक जीवन के वैसे केंद्र नहीं बन पा रहे हैं, जैसे विश्व के अनेक देशों के शहर हैं। शहरी जीवन समस्याओं से घिर रहा है। वे तनाव, भीड़ और गंदगी का पर्याय बन रहे हैं। ऐसा अनियोजित और बेतरतीब विकास के कारण हो रहा है।

एक विडंबना यह भी है कि आधारभूत ढांचे में छिटपुट सुधारों को शहरी विकास का पर्याय मान लिया गया है। इसका परिणाम यह है कि शहरी समस्याएं रह-रहकर सिर उठाती रहती हैं। यह भी देखने में आ रहा है कि कई शहर आर्थिक गतिविधियों के केंद्र बन जाने के बाद भी राजनीतिक रूप से हाशिए पर ही रहते हैं। रही-सह कसर नगर निकायों की नाकामी पूरी कर देती है।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारतीय शहर अपने राजस्व से सकल घरेलू उत्पाद का 0.6 प्रतिशत से भी कम प्राप्त करते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि शहरों को सही तरह संचालित नहीं किया जा रहा है। प्रायः शहरों के आधारभूत ढांचे का निर्माण करते समय इस पर ध्यान ही नहीं दिया जाता कि इससे शहरी जीवन का समुचित तरीके से विकास होगा या नहीं?

शहरों में आर्थिक-व्यापारिक गतिविधियों के केंद्र तो बना दिए जाते हैं, लेकिन इस पर कठिनाई से ही ध्यान दिया जाता है कि कामगार कहां रहेंगे या फिर उनका आवागमन कैसे होगा? जब शहर ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण, प्रदूषण आदि समस्याओं से घिरते हैं तो उनकी उत्पादकता प्रभावित होने के साथ ही उनमें निवेश की संभावना भी कम होती है। अब जब यह स्पष्ट है कि शहरों में आबादी का दबाव बढ़ते ही जाना है, तब फिर उनके संतुलित एवं टिकाऊ विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

अभी ऐसा नहीं हो रहा है, इसलिए शहरों में झुग्गी-बस्तियां बढ़ती जा रही हैं और आवासीय क्षेत्र व्यावसायिक बनते जा रहे हैं। यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि आर्थिक सर्वेक्षण में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए जो योजनाएं शुरू करने की जरूरत जताई गई है, उनकी पूर्ति करने के लिए राज्य सरकारें आगे आएं। वे यह समझें कि अपने शहरों का सही तरह विकास करना उनका ही काम है और यह इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे ही समृद्धि आएगी।

## विशेष आलेख

# एक बार फिर चर्चा में आए भारतीय स्टार्टअप्स, कर्तव्य पथ पर दिखी कौशल विकास की झांकी

गणतंत्र दिवस 2026 की परेड कई मायनों में ऐतिहासिक रही, लेकिन कर्तव्य पथ पर सबसे अधिक ध्यान कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) की झांकी ने खींचा। इस झांकी ने दुनिया को दिखाया कि भारत का युवा अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता है।

झांकी में प्रदर्शित स्वदेशी हाइब्रिड यूएवी 'जोल्ट' और 'टेथर्ड' ड्रोन प्रणालियों ने न केवल देश की सैन्य शक्ति को गौरवान्वित किया, बल्कि भारतीय स्टार्टअप्स की उस अदम्य क्षमता का भी लोहा मनवाया, जो पिछले एक दशक में फली-फूली है। गणतंत्र दिवस की परेड में स्टार्टअप्स की इस भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि आत्मनिर्भरता केवल नारा नहीं, बल्कि धरातल पर उतरता सच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2026 के पहले 'मन की बात' में इन स्टार्टअप्स का विशेष जिक्र करना दर्शाता है कि आने वाला दशक 'इनोवेशन' और 'एंटरप्रेन्योरशिप' (नवाचार और उद्यमिता) का ही होगा और अब भारत एक 'फ्यूचर रेडी वर्कफोर्स' (भविष्य के लिए तैयार कार्यबल) का केंद्र बनने के लिए मजबूती से तैयार है।




### नवाचार के ऊंचे मानक

वर्ष 2026 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान की 10वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। जनवरी 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की शुरुआत की थी, तब लक्ष्य था भारत में नवाचार के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना। 2016 में मुट्ठी भर स्टार्टअप्स से शुरू हुआ यह सफर आज दो लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स तक पहुंच चुका है। स्टार्टअप्स अब केवल ई-कॉमर्स या सेवाओं तक सीमित नहीं हैं, वे अब डीप-टेक और रक्षा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में कदम रख चुके हैं। 2024-26 के बीच इस क्षेत्र में सबसे अधिक 'सूनिकार्न' (भावी यूनिकॉर्न) देखे गए हैं। गणतंत्र दिवस की झांकी में 'जोल्ट' हाइब्रिड यूएवी का प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि भारत के कौशल विकास कार्यक्रमों ने युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड का इन्वेंटर बना दिया है। जोल्ट जैसे ड्रोन, जो वर्टिकल टेक-ऑफ और लंबी दूरी की उड़ान भरने में सक्षम हैं, पूरी तरह से भारतीय दिमाग की उपज हैं। इसी प्रकार टेथर्ड ड्रोन प्रणालियां घंटों तक एक ही स्थान पर हवा में रहकर निरंतर डाटा प्राप्त कर सकती हैं, जो सीमाओं की निगरानी के लिए क्रांतिकारी हैं।

### आर्थिकी और रोजगार का नया इंजन

संदेश स्पष्ट है कि भारत का स्टार्टअप मिशन अब रोजगार और अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुकी है। स्किल इंडिया के तहत प्रशिक्षित युवाओं ने स्टार्टअप शुरू किए हैं, जिससे पिछले दशक में 21 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए। इसने नवाचार का लोकतंत्रीकरण भी किया है। अब नवाचार केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा; 'जोल्ट' जैसी तकनीकों के पीछे टियर-2 और टियर-3 शहरों के प्रतिभावान इंजीनियरों का हाथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी 'मन की बात' में इस पर विशेष जोर दिया था कि स्टार्टअप अब केवल दिल्ली-बेंगलुरु जैसे महानगरों तक सीमित नहीं हैं। आज 45% से 50% स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों से आ रहे हैं। छोटे शहरों के युवा अब खेती (एग्री-टेक), शिक्षा (एड-टेक) और स्वास्थ्य (हेल्थ-टेक) जैसे क्षेत्रों में तकनीक के माध्यम से स्थानीय समस्याओं के समाधान खोज रहे हैं।

### जोखिम को लेकर बदला नजरिया

भारत आज दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में उभर चुका है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि मात्र एक दशक के भीतर भारतीय युवा 'जॉब सीकर' (नौकरी मांगने वाला) से 'जॉब क्रिएटर' (नौकरी देने वाला) बनने की दिशा में इतनी लंबी छलांग लगाएगा। स्टार्टअप इंडिया ने उनमें 'फेलियर' (असफलता) के डर को खत्म कर 'रिस्क' (जोखिम) लेने के साहस को सम्मान दिया है। स्टार्टअप इंडिया ने न केवल अर्थव्यवस्था को गति दी है, बल्कि देश में ऐसी संस्कृति पैदा की है जहां 'असफलता' को अंत नहीं, बल्कि सीखने का हिस्सा माना जाता है। इस अभियान की सफलता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आज देश के लगभग हर जिले से एक स्टार्टअप निकल रहा है। यदि यह गति बनी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की सबसे बड़ी इनोवेशन लैब बनकर उभरेगा।

### डिजिटल भुगतान क्रांति

भारत आज दुनिया में डिजिटल ट्रांजेक्शन के मामले में पहले नंबर पर है और इसका श्रेय पेटीएम, फोन-पे और रेजर-पे जैसे स्टार्टअप्स को जाता है। इन्होंने कैशलेस इकोनॉमी को संभव बनाया। आज एक छोटे रेहड़ी-पटरी वाले से लेकर बड़े शोरूम तक, हर जगह क्यूआर कोड के जरिए भुगतान सामान्य बात है।

### निजी क्षेत्र की ऊंची उड़ान

रक्षा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई स्टार्टअप्स ने भारत का नाम रोशन किया है। स्काईरूट एयरोस्पेस ने भारत का पहला निजी राकेट 'विक्रम-एस' लांच कर इतिहास रचा। वहीं पिक्सेल नामक स्टार्टअप अत्याधुनिक उपग्रह बना रहा है जो अंतरिक्ष से पृथ्वी की उच्च-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें और डाटा प्रदान करते हैं।

### शिक्षा का लोकतंत्रीकरण

फिजिक्सवाला और बायजूस जैसे स्टार्टअप्स ने ऑनलाइन माध्यम से कोरोना काल में शिक्षा को सुलभ बनाया। यद्यपि बायजूस की छलांग और पतन दोनों ही अब केस स्टडी हैं, परंतु डिजिटल लर्निंग में यह ऐसा मुहावरा बन गया था, जिसने कई एजुकेशनल स्टार्टअप्स की राह प्रशस्त की। डिजिटल लर्निंग घर-घर पहुंची और अब एक छोटे गांव का छात्र भी नाममात्र की फीस पर देश के सबसे अच्छे शिक्षकों से आईआईटी-जेईई या यूपीएससी की तैयारी कर सकता है।

### स्वास्थ्य सेवा में सुधार

क्योर.एआई और प्रैक्टो जैसे स्टार्टअप्स ने मेडिकल तकनीक को बदल दिया है। क्योर.एआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके मात्र कुछ सेकेंड में एक्स-रे और सीटी स्कैन से बीमारियों का पता लगा लेता है। वहीं, 1एमजी और फार्मईजी ने दवाइयों की होम डिलीवरी को आसान बनाया।

### किसानों के तकनीकी सलाहकार

क्रापइन और देहात (डीहाट) जैसे स्टार्टअप्स किसानों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। ये स्टार्टअप सैटेलाइट डाटा और एआई के जरिए किसानों को बताते हैं कि कब खाद डालनी है, फसल में कौन सा रोग लग सकता है और उन्हें फसल का सही दाम कहां मिलेगा। गरुड़ एयरोस्पेस, वैमानिक एयरोस्पेस और मरुत जैसे स्टार्टअप्स ने ड्रोन को सहायक के रूप में पेश कर भारतीय कृषि क्षेत्र में नई पटकथा लिख दी है।

### लॉजिस्टिक्स और क्विक कॉमर्स

डेल्हीवेरी और जेप्टो ने सामान पहुंचाने की गति और सटीकता को नई परिभाषा दी है। बिगबास्केट और ब्लिंकइट जैसे स्टार्टअप्स ने तेज डिलीवरी के जरिए भारतीय ग्राहकों की आदतों को पूरी तरह बदल दिया है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है और गिग वर्कर्स को रोजगार। स्टार्टअप्स के इस सेक्टर ने सबसे अधिक ब्लू-कॉलर नौकरियां (डिलीवरी और वेयरहाउसिंग) पैदा की हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूंजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें।

### वृष

नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

### मिथुन

मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी।

### कर्क

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

### सिंह

क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं।

### कन्या

संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

### तुला

कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

### वृश्चिक

वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। सेहत को लेकर सचेत रहें। उदर विकार के योग बनेंगे। खान-पान पर संयम रखें। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

### धनु

यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

### मकर

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा, अपना ध्यान रखें। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

### कुंभ

मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी। वास्तविकता को महत्व दें।

### मीन

नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए।

## स्वास्थ्य समाचार

# पपड़ीदार त्वचा से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

सॉफ्ट और स्मूद स्किन आखिर किसे पसंद नहीं होती? लेकिन त्वचा की खूबसूरती के लिए त्वचा की देखभाल करना भी जरूरी है। मौसम में बदलाव आने के कारण स्किन ड्राई होने लगती है। ऐसे में त्वचा से सफेद पपड़ीदार परत निकलने लगती है। इसका कारण डिहाइड्रेशन भी होता है, जिससे त्वचा पपड़ीदार लगने लगती है। साथ ही, धूप में ज्यादा रहने से भी त्वचा पपड़ीदार हो सकती है। इसके कारण त्वचा में खुजली, इरिटेशन और रेडनेस भी होने लगती है।



### बार-बार मॉइस्चराइजर लगाएं

अगर आपकोस्किन पीलिंग की समस्या हो रही है, तो दिन में कई बार मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन ड्राई और पपड़ीदार नहीं होगी। साथ ही, आपको जल्द ही इस समस्या से राहत मिल पाएगी।

### एलोवेरा जेल इस्तेमाल करें

एलोवेरा जेल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। इससे स्किन इन्फेक्शन का खतरा भी कम होता है। यह स्किन को सॉफ्ट और स्मूद बनाता है। साथ ही, हाइड्रेट रखने में भी मदद करता है।

### नारियल तेल इस्तेमाल करें

अगर आप रात में नारियल तेल से मसाज करते हैं, तो आपको इस समस्या से जल्द राहत मिलेगी। नारियल तेल में मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जो स्किन को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं। नारियल तेल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। इससे इन्फेक्शन का खतरा भी कम होता है।

### बर्फ की सिकाई करें

पपड़ीदार त्वचा की समस्या से राहत पाने के लिए आप बर्फ की सिकाई भी कर सकते हैं। इससे स्किन को हील होने में मदद मिलती है। साथ ही, आपकी स्किन जल्दी नॉर्मल हो पाती है। आप दिन में दो से तीन बार बर्फ की सिकाई कर सकते हैं। सिकाई के बाद स्किन पर मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें।

### ओटमील बाथ लें

ओटमील बाथ आपकी स्किन को सॉफ्ट और स्मूद बनाए रखने में मदद करता है। इसमें मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं, जो स्किन को सॉफ्ट और स्मूद बनाए रखने में मदद करते हैं। आप सुबह और रात में सोने से पहले ओटमील बाथ ले सकते हैं। यह आपकी स्किन को ग्लोइंग रखने में भी मदद करेगा।

# शरीर को बैलेंस रखने और स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए करें यह खास आसन

फिट रहने के लिए योग और एक्सरसाइज करनी बेहद जरूरी होती है। योग करने से शरीर का लचीलापन बेहतर होता है साथ ही साथ शारीरिक क्षमता भी बढ़ती है। योग करने से पूरा दिन शरीर में उर्जा की कमी महसूस नहीं होती है।

### मलासन

मलासन करना सेहत के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होता है। इसे करने से शरीर बैलेंस रहने के साथ ही साथ शारीरिक स्ट्रेंथ भी बढ़ती है। इस आसन को कम से कम 15 सेकेंड से 3 मिनट तक किया जा सकता है। इस आसन को करने से पेल्विक फ्लोर के आस-पास की मांसपेशियां एक्टिव और मजबूत होती हैं।

### उत्कट कोणासन

उत्कट कोणासन करना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसे करने से पैरों की मांसपेशियों की स्ट्रेंथ बढ़ती है साथ ही साथ हिप्स भी मजबूत होती है। इस आसन को करने से शरीर बैलेंस रहती है और लचीलापन भी बढ़ता है। इस आसन से कूल्हे के आसपास की जकड़न और दर्द में भी आराम मिलता है।

### नौकासन

नौकासन यानि बोट पोज करने से स्टैमिना बढ़ता है साथ ही शरीर के अंगों का लचीलापन भी बढ़ता है। इस आसन को रोजाना 15 सेकेंड से 3 मिनट तक करना सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसे करने के लिए अपने कूल्हों के बल पर बैठें और दोनों हाथों को आगे की ओर रखकर पैरों की उपर उठाएं।

### उष्ट्रासन

उष्ट्रासन या फिर कैमल पोज का अभ्यास करने से पेट के उपर का हिस्सा मजबूत होता है साथ ही कमर दर्द या फिर जकड़न से भी राहत मिलती है। इसे करने से बॉडी पोश्चर सुधरने के साथ-साथ छाती और पेट की मांसपेशियां एक्टिव होती हैं।



इसे नियमित तौर पर कम से कम एक मिनट तक करने से बेहतर फायदे मिल सकते हैं।

**मत्स्यासन :** मत्स्यासन यानि फिश पोज करने से पेट के आसपास के हिस्से का लचीलापन बढ़ता है। इसे करने से रेस्पिरेटरी फंक्शन्स में सुधार होता है साथ ही मेंस्ट्रुअल पेन में भी आराम मिलता है।

# संक्रमण-बैक्टीरिया से बचने के लिए हर पुरुष को फॉलो करना इंटिमेट हाइजीन गंभीर बीमारियां होंगी दूर

हम सभी के लिए साफ-सफाई और स्वच्छता बेहद जरूरी है। वहीं जब बात पर्सनल हाइजीन की हो, तो यह और भी जरूरी हो जाता है। क्योंकि इंटिमेट हाइजीन के कारण कई तरह की बीमारियां और इंफेक्शन से आप बच सकते हैं। वहीं आप कुछ हेल्दी आदतों को अपनाकर गंभीर बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं। लेकिन बहुत सारे पुरुषों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बेहद कम जानकारी होती है। इस कारण वह पर्सनल हाइजीन को भी नजरअंदाज करते हैं। ऐसे में साफ-सफाई और स्वच्छता का ध्यान न रखने पर पुरुष कई तरह की बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। इसलिए जरूरी होता है कि पुरुष अपनी इंटीमेट हाइजीन से जुड़ी बातों को जरूर फ़ॉलो करें। बता दें कि कई बार इंटिमेट हाइजीन से जुड़ी कुछ गलत आदतों को अपनाने से शरीर को नुकसान हो सकता है।

**ग्रूमिंग :** पुरुष इंटिमेट हाइजीन को फॉलो करने के लिए प्यूबिक हेयर को हर समय ट्रिम या बेहद छोटा रखें। आपके ऐसा करने से कई तरह के इंफेक्शन से आपका



बचाव होगा। ट्रिम करने से पहले हल्के गर्म पानी से नहाना चाहिए। ऐसा करने से रोमछिद्र खुल जाते हैं और ट्रिम करने में भी आसानी होती है।

**मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल :** स्किन को मॉइस्चराइज करना बेहद जरूरी होता है। इससे स्किन को पोषण मिलता है और त्वचा भी मुलायम रहती है। वहीं चेहरे पर शेविंग करने के बाद त्वचा को मॉइस्चराइजर करें। मॉइस्जराइजर करने से आपकी त्वचा में नमी बनी रहती है और रूखेपन व जलन से भी राहत मिलती है।

**इंटिमेट वॉश :** पुरुष इंटिमेट हाइजीन के लिए इंटिमेट वॉश बेहद जरूरी है। इंटिमेट वॉश खरीदने से पहले इसके बारे में जरूरी जानकारी जरूर ले लेनी चाहिए। वहीं इस्तेमाल से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखना चाहिए। साथ ही इंटिमेट वॉश के इस्तेमाल से इंफेक्शन से बचा जा सकता है।

**पहनें साफ अंडरवियर :** बता दें कि गंदा और पुराना अंडरवियर पहननने से फंगल, इंफेक्श और बैक्टीरिया पनपते हैं। इसलिए हमेशा अपनी फिटिंग और साफ-सुथरी अंडरवियर का चयन करना चाहिए। वहीं सिंथेटिक कपड़े से बने अंडरवियर को पहनने से बचना चाहिए। कॉटन का अंडरवियर पसीना सोखने के साथ हवा को भी पार करता है।

**हेल्दी डाइट :** इंटिमेट हाइजीन का ध्यान रखने के लिए हेल्दी डाइट फॉलो करना भी बेहद जरूरी होता है। इसलिए अपनी डाइट में संतरे, नींबू जैसे खट्टे फल और पालक जैसी हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। साथ ही खुद को हाइड्रेट रखना चाहिए।


## विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** आदर्श बस्ती तारानगर में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रांत ग्राम संयोजक मोतीलाल ने पंच परिवर्तन विषय पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिक। कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। माताओं बहनों ने कलश यात्रा निकाली। 21 जोड़ो ने हवन में भाग लिया। बालिका आदर्श विद्या मंदिर की छात्राओं ने प्रेरक नाटक प्रस्तुत किए वहीं शिशु वाटिका के बच्चों ने आकर्षक राम दरबार की झांकी सजाई। सम्मेलन की अध्यक्षता ब्रह्मा कुमारी बहन शीला ने की। सम्मेलन में संत महात्मा गंगाराम, ओमप्रकाश सरावगी, एडवोकेट जितेंद्रसिंह, ओम गोस्वामी, नंदलाल भार्गव, हरीश धेरड़, मातृभारती सदस्य सविता कंदोई, विजय सिंह, भगवती शर्मा, पवन सैनी, पंकज शर्मा, जयप्रकाश, हेमंत भार्गव, राकेश मिश्रा, कुलदीप शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। संचालन पवन कुमार शर्मा ने किया।

## ग्राम उत्थान शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत महरोली में रविवार को राजस्थान सरकार द्वारा ग्राम उत्थान शिविर 2026 आयोजन किया गया। शिविर में सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। शिविर में कृषि विभाग के द्वारा कृषक सॉयल हैल्थ कार्ड उपखंड अधिकारी द्वारा अशोक सैनी कृषक को सॉयल कार्ड देकर शिविर का शुभारंभ किया गया। सौर ऊर्जा, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड स्वरोजगार, सहकारी समिति का सदस्य आदि ग्रामीणों द्वारा आवेदन किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी अनिल कुमार, विकास अधिकारी सुनिल कुमार, प्रशासक बिमला देवी, पटवारी रामकिशोर ऐचरा, सुनिल, जितेन्द्र सैनी ग्राम विकास अधिकारी, कृषि विभाग श्रीमाधोपुर कैलाश चंद बुनकर, सोनिया सारण, कृषि विपणन बोर्ड श्रीमाधोपुर पूरणमल, सहकारी समिति महरोली सीताराम, पशुपालन विभाग के सुरेश आदि उपस्थित थे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के नेहरू मैदान में रविवार को खेतड़ी सर्किल पुलिस की ओर से जवानों के तनाव को कम करने के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। डीएसपी व मेहाड़ा सीआई की टीम के बीच मैच खेला गया। पुलिस थाना खेतड़ी, मेहाड़ा, बबाई एवं खेतड़ीनगर के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच में कुल दो टीमों ने भाग लिया। टीम ए का नेतृत्व डीएसपी जुल्फिकार अली ने किया जबकि दूसरी टीम का नेतृत्व मेहाड़ा थानाधिकारी राम मनोहर ने किया। डीएसपी जुल्फीकार अली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, कांस्टेबल विकास कुमार की नाबाद 53 रन की पारी के बदौलत टीम ए ने 126 रन बनाए। जवाब में मेहाड़ा थानाधिकारी की बी टीम को 69 रन ही बनाने दिए, डीएसपी जुल्फिकार अली ने दस रन देकर तीन विकेट लिए और 57 रनों से मुकाबला जीत लिया। डीएसपी जुल्फीकार ने बताया कि पुलिस की चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण शैली को कम करने के लिए खेलों का आयोजन होना बहुत जरूरी है। इस मौके पर सीआई राकेश कुमार, एएसआई सुनील कुमार, एचसी संदीप कुमार, एचसी अशोक देशवाल, महेश कुमार, ख्यालीराम, अनिल, रंगलाल, महेश कुड़ी, संदीप आदि मौजूद रहे। खेल आयोजन के दौरान खिलाड़ियों एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों में उत्साह का माहौल रहा।

## संत रविदास महाराज की जयंती मनाई



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** शहर के वार्ड नंबर 21 रैगर बस्ती स्थित रैगर पंचायत भवन के आगे संत शिरोमणि रविदास जयंती के पावन पर्व पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर नमन किया और प्रसाद वितरण किया। समाज को महिलाओं ने मंदिर के आगे सत्संग लगाकर भजन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर एडवोकेट त्रिलोक रैगर, नंदलाल सबलानिया, किशन लाल सबलानिया, राकेश कौशिक, मनीराम शर्मा, तोलूराम गहलोत,गोरीशंकर मोहरिया, मनोहर लाल सैनी, शंकरलाल कानखेड़िया, अमरचंद सबलानिया, ख्यालीराम बाकोलिया, सुभाष चंद्र सबलानिया, सुनील सबलानिया, महेंद्र सबलानिया, राजेंद्र, सुशील सबलानिया वनपाल, कुलदीप सबलानिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सड़क हादसे में दो लोग हुए घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** छापर-चाड़वास के बीच मोटरसाइकिल को बस ने जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को 108, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य की सहायता से सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया। डॉ रामरत्न बिस्सू, डॉ कपीश सोनी, ममता स्वामी, सुशीला आदि ने इलाज किया। घायलों में मोहन मेघवाल, मोहनलाल प्रजापत निवासीगण चाड़वास के नाम शामिल हैं।

# शिक्षा से ही कौम की तरक्की सम्भव : नईमुद्दीन कुरैशी

सुरेन्द्र शर्मा




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय अब्दुल गनी कॉलोनी स्थित नागोरी हाउस में ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्था की जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कुरैशी बिरादरी की अखिल भारतीय सामाजिक संस्था ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर कुरैश समाज की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक प्रदेशाध्यक्ष नईमुद्दीन कुरैशी के मुख्यातिथ्य और जिला अध्यक्ष उमर कुरैशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जयपुर जिला अध्यक्ष फसीहुद्दीन कुरैशी, शाहिद बाबा कुरैशी, सचिव हाजी शफी मोहम्मद नागौरी और कोषाध्यक्ष हाजी फारुक कुरैशी बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आगाज हाजी हाजी शफी कुरैशी ने तिलावत-ए-कुरआन से किया तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने अतिथियों का माल्यार्पण, शॉल, साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया है। अतिथियों ने कौम की तरक्की और मुख्य धारा में जोड़ने के लिए शिक्षा पर विशेष जोर देने का आह्वान किया प्रदेश अध्यक्ष नईमुद्दीन कुरैशी ने कहा कि सफलता के लिए सिर्फ और सिर्फ मेहनत की जरूरत होती है ऑपरेशन सिंदूर में कुरैशी समाज की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी ने ये बात साबित कर भी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी सिराजुद्दीन कुरैशी ने भी शादी ब्याह पर होने वाले बेतहाशा खर्चों से बचने और अपने बच्चों को उच्च क्वॉलिटी की एजुकेशन दिलाए। जिला अध्यक्ष उमर कुरैशी ने कहा कि आने वाली 15 फरवरी 2026 को बिरला आडिटोरियम जयपुर में कुरैशी समाज के प्रतिभावान बेटे-बेटियों को और समाज के उत्थान में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित करने हेतु राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है, इसी की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। झुंझुनू जिले से सभी विधानसभा क्षेत्र से कुरैशी बिरादरी के मौजीज लोग शामिल हुए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंडावा, बिसाऊ, चिड़ावा, नवलगढ़, मंड्रेला, सूरजगढ़, पपूरना, केड, सुल्ताना, धनूरी, डूंडलोद, मलसीसर से क़ौम के सम्मानित प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर डॉक्टर जब्बार कुरैशी, हाजी हाशिम कुरैशी, सिकन्दर, शब्बीर सैय्यद, एडवोकेट नवाब खत्री, यूसुफतंवर, अब्दुल गफार पपुरना, फारूक कुरैशी, यासीन चौहान, आरिफ कुरैशी, शोएब गौरी, रिजवान बेहलीम, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, खालिक, फारूक जमाल खत्री, जावेद सैय्यद, मोहसिन कुरैशी, इदरीस बडगुजर, हारून खोखर, मुमताज कबाड़ी, मोहम्मद अली खोखर, इस्माइल तंवर, जमालुद्दीन केड, सलीम सैय्यद, अब्दुल्ला कुरैशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंच संचालन मास्टर मजीद कुरैशी ने किया।

# किडनी इलाज में नई तकनीकें, बच्चों के लिए घर पर डायलिसिस संभव : डॉ निशा

## डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की जल्दी जांच जरूरी, पेशाब के बदलते रंग का रखें ध्यान

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** तेजी से बढ़ते किडनी रोगों के बीच मरीजों के लिए इलाज अब पहले से ज्यादा सुरक्षित, आसान और आधुनिक हो गया है। डायलिसिस के नए तरीके, घर पर इलाज की सुविधाएं, बिना बड़े ऑपरेशन के नसों को ठीक करने की तकनीक और किडनी को बचाने वाली नई दवाइयों ने नेफ्रोलॉजी के क्षेत्र में बड़ी उम्मीद जगाई है। इन्हीं उन्नत उपचार विधियों और वैज्ञानिक प्रगति पर चर्चा के लिए इटर्नल हॉस्पिटल, जयपुर की वरिष्ठ नेफोलॉजिस्ट डॉ निशा गौड़ द्वारा रविवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में किडनी देखभाल के बदलते स्वरूप पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। मीडिया से विशेष संवाद में डॉ निशा गौड़ सीनियर कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी, इटर्नल हॉस्पिटल, जयपुर ने किडनी रोगों में आई नई उपचार विधियों पर विस्तार से जानकारी दी।

### बच्चों के लिए पेरिटोनियल डायलिसिस

डॉ निशा ने बताया कि किडनी फेल्योर से पीड़ित बच्चों के इलाज में अब पेरिटोनियल डायलिसिस को प्राथमिक और सुविधाजनक उपचार के रूप में अपनाया जा रहा है। यह विधि अस्पताल आधारित इलाज के बजाय घर पर ही सुरक्षित रूप से की जा सकती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, खेलकूद और पारिवारिक जीवन कम प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि कई परिवार रात में मशीन चलाकर डायलिसिस कराते हैं, जिससे बच्चा सोते-सोते ही थेरेपी ले लेता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह तरीका चिकित्सकीय रूप से प्रभावी होने के साथ-साथ माता-पिता को मानसिक राहत भी देता है क्योंकि बार-बार अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ती। प्रशिक्षित अभिभावक घर पर ही देखभाल कर सकते हैं जिससे संक्रमण का खतरा भी कम हो जाता है।

### सीकेडी रोकथाम में समय पर जांच जरूरी

क्रॉनिक किडनी डिजीज की रोकथाम के लिए डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की जल्दी जांच पर विशेष जोर दिया जा रहा है। डॉ निशा ने बताया कि डायबिटीज के 30 से 40 प्रतिशत मरीजों में आगे चलकर किडनी संबंधी समस्याएं विकसित हो सकती हैं, इसलिए समय पर शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच बेहद आवश्यक है।




इसके साथ ही यूरिन टेस्ट और नियमित स्वास्थ्य जांच को भी जरूरी बताया गया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के अनुसार शुरुआती पहचान से कई मरीजों को डायलिसिस तक पहुंचने से बचाया जा सकता है। पेशाब बिल्कुल साफ दिखना चाहिए यदि कलरफुल पेशाब आता है तो सावधान रहें और जांच कराएं। संतुलित आहार, कम नमक का सेवन, नियमित व्यायाम और दवाइयों का समय पर उपयोग किडनी पर पड़ने वाले दबाव को कम करता है।

साथ ही पानी की मात्रा तथा क्वालिटी का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में डॉ गौड़ ने कहा कि समय पर जांच, सही उपचार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किडनी रोगियों का जीवन अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाया जा सकता है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित



निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** रविवार को सिंघाना नगरपालिका क्षेत्र में आमजन की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रैनबौ सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नारनौल रोड, बुहाना मोड़, सिंघाना में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित हुआ। स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा न्यूरोसर्जरी, हड्डी एवं जोड़ रोग, हृदय रोग, सामान्य चिकित्सा, कान-नाक-गला तथा बाल रोग से संबंधित नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में 250 से ज्यादा मरीजों को नि:शुल्क परामर्श के साथ-साथ आवश्यक दवाइयाँ, प्रमुख जाँचें एवं हड्डियों की जाँच की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जाँच, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया। डॉ सुभाष सैनी ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना तथा गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करना है।

शिविर को लेकर स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया और लोगों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

## सरस्वती पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित



निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** सरस्वती पब्लिक स्कूल में रविवार को 10वीं बोर्ड कक्षा के विद्यार्थियों का शुभकामना समारोह तथा 12वीं बोर्ड कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ में विद्यार्थियों को तिलक लगाया गया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़.कर कर भाग लिया और रंगारंग प्रस्तुतियां दी। समस्त स्टाफ व संस्था प्राचार्य नीतू सिंह राठौड़ द्वारा विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए ध्यान रखने योग्य बातें बताई गई । बोर्ड परीक्षा के सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष के पी सिंह द्वारा विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया गया तथा शुभकामनाएं दी गई।

## वेंकटेश फागोत्सव 8 को

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में स्थित सिद्ध पीठ वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में 8 फरवरी को फागोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर में 8 फरवरी को आयोजित होने वाले फागोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। फागोत्सव के दौरान ही मंदिर परिसर में गुलाल व फूलों से मिश्रित भगवान का श्रृंगार भी किया जाएगा। वेंकटेश बालाजी मंदिर के श्री श्री 1008 वेंकटेश लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने उदयपुरवाटी संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि फाग के रंग वेंकट रमणा लोहार्गल धाम के संग कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। बालाजी मंदिर के महाराजश्री के अनुसार 8 फरवरी को सुबह भगवान की अर्चना होगी, महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जोत जलेगी एवं सुप्रसिद्ध भजन गायककारों द्वारा भजनों की रसगंगा भी प्रवाहित की जाएगी। सुप्रसिद्ध भजन गायककारो में राजस्थान के कोने-कोने से गायककार आकर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान सबके हाथ खाली, मोदी सरकार का बजट फेल : खाचरियावास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने केंद्र सरकार के बजट को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि यह बजट देश की जनता की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट भाषण के दौरान ही शेयर बाजार का गिरना इस बात का प्रमाण है कि यह बजट न देशहित में है और न ही आम आदमी के हित में।



खाचरियावास ने आरोप लगाया कि यह बजट आंकड़ों का मायाजाल है, जिसमें महंगाईए बेरोजगारी और गरीबी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर कोई ठोस समाधान नहीं दिया गया। पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं किए गए, न ही जरूरी वस्तुओं को सस्ता किया गया और रोजगार सृजन को लेकर कोई स्पष्ट रोडमैप सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कुछ दवाइयों के दाम घटाने की घोषणा तो की है, लेकिन उन्हें पूरी तरह मुफ्त क्यों नहीं किया गयाए यह बड़ा सवाल है। राजस्थान में पहले से ही कांग्रेस सरकार आम जनता को मुफ्त दवाइयां दे रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह बजट उद्योगपतियों के हित में है, जबकि गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और नौजवान सभी को निराशा हाथ लगी है। जीएसटी और एजेंसियों के दबाव से व्यापारी वर्ग परेशान है और देश में निवेश व रोजगार का माहौल कमजोर हुआ है। खाचरियावास ने बजट को जीरो बजट बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है।

## भाजपाई ने केन्द्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखा व दी प्रतिक्रिया

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में भाजपा जिला मंत्री व बजट समिति सदस्य भारती मुद्गल के आवास पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के सानिध्य में भाजपाईयों ने देखा। इस अवसर पर के पूर्व पालिकाध्यक्ष भाई लिट्ठू कल्पना कांत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया, राजेश मुद्गल, हनुमान बारवाल, सुभाष वर्मा, विकास रिणवा, केशव पुरोहित, महावीर पिपलवा व अनूप पिपलवा भी उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री रिणवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला तथा हर वर्ग के हितों को समर्पित है। पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्ठू कल्पना कांत ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत के विजन को मजबूत करने वाला दूरदर्शी बजट है। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, तकनीक और एम एस एम आई सेक्टर



पर विशेष फोकस दिया गया हैए जिससे रोजगार और निवेश दोनों बढ़ेंगे। युवाओं, महिलाओं और छोटे उद्योगों के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं। यह बजट आत्मनिर्भर भारत और तेज आर्थिक विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। बजट स्वागत योग्य है। पुर्व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष इंदौरिया ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विराट संकल्प का ठोस और दूरदर्शी रोडमैप है।

# जयपुर बर्ड फेस्टिवल में सांभर-नालियासर, मेनार सहित वेटलैंड्स से हुआ सीधा संवाद

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 का रविवार को भव्य समापन के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने प्रदेश की प्रमुख आर्द्रभूमियों का फील्ड विजिट कर पक्षियों और प्रकृति से सीधा संवाद किया। फेस्टिवल के अंतर्गत सांभर साल्ट लेक, नालियासर, बरखेड़ा-चंदलाई-मुहाना, मेनार, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर और तालछापर अभयारण्य चूरू में बर्ड वॉचिंग गतिविधियां आयोजित की गईं। फील्ड विजिट में पद्मश्री सम्मानित फोटोग्राफर अनूप साह, ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर, पक्षी विशेषज्ञ वीरेंद्र सिंह बेड़सा, निर्मल मेनारिया, बटरफ्लाई एक्सपर्ट मुकेश पंवार सहित अनेक पर्यावरणविद् व पक्षीप्रेमी शामिल हुए।

सांभर झील के मध्य क्षेत्र तक प्रतिभागियों को बग्गी ट्रेन से ले जाया गयाए जहां स्थानीय गाइड के अनुसार 20 हजार से अधिक पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई। फील्ड विजिट के दौरान 50 से अधिक प्रजातियों के पक्षी देखे गए, जिनमें फ्लेमिंगो, पेलिकन, बार-हेडेड गूज, ग्रेलेग गूज, स्पूनबिल, एवोसेट, सैंडपाइपर, किंगफिशर, कॉरमोरेंट, डार्टर, हेरॉन, इग्रेट सहित अनेक प्रवासी व स्थानीय पक्षी शामिल रहे।

विशेषज्ञों ने वेटलैंड्स को पक्षियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी क्रम में कानोता कैंप रिजॉर्ट, जामडोली में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें रेप्टर्स, आउल और वेटलैंड्स संरक्षण पर गहन विमर्श हुआ।

वरिष्ठ पक्षीविद् डॉ. असद रहमानी ने वेटलैंड्स संकट पर चिंता जताई, जबकि राजपाल सिंह ने अतिक्रमण, जल कमी और अनियंत्रित पर्यटन को प्रमुख चुनौती बताया। डब्ल्यूडब्ल्यू, फइंडिया के सीईओ



रवि सिंह ने बर्ड फेस्टिवल को समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बताया। कार्यशाला में रेप्टर्स एक्सपर्ट रातुल शाह की पुस्तक भारत के बाज का विमोचन हुआ। आउल एक्सपर्ट डॉ. प्राची मेहता ने उल्लुओं की जैव विविधता और पारिस्थितिकी में भूमिका पर जानकारी दी। फोटोग्राफर अनूप साह ने फोटोग्राफी को संरक्षण का सशक्त माध्यम बताया। फेस्टिवल में बॉलीवुड अभिनेता राहुल सिंह ने भी शिरकत कर पक्षी एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और युवाओं से प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान किया। ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर के स्वागत उद्बोधन और संयोजक विक्रम सिंह के आभार ज्ञापन के साथ जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 का समापन हुआ।



# राजस्थान के राजपूताना वास्तुकला का शानदार उदाहरण है नीमराना किला

राजस्थान के अलवर जिले में स्थित नीमराना एक ऐतिहासिक शहर है, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, प्राचीन किलों और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यह जगह भारतीय इतिहास, वास्तुकला और संस्कृति के प्रेमियों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है। नीमराना का किला यहां का प्रमुख आकर्षण है, जो इस स्थान को दुनियाभर में प्रसिद्ध बनाता है।

## नीमराना किला

नीमराना किला, जो कि 15वीं शताब्दी का ऐतिहासिक किला है, इस स्थान का मुख्य आकर्षण है। किला राजस्थान के राजपूताना वास्तुकला का शानदार उदाहरण है। यह किला लगभग 12 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और यहां से पूरे नीमराना शहर का सुंदर दृश्य देखा जा सकता है। किला अब एक प्रसिद्ध होटल के रूप में परिवर्तित हो चुका है, जहां पर्यटक रुक सकते हैं और इस ऐतिहासिक किले का अनुभव कर सकते हैं। किले में एक शानदार स्विमिंग पूल, स्पा, रेस्टोरेंट और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

## नीमराना की ऐतिहासिकता

नीमराना का इतिहास काफी रोचक और पुराना है। यह किला नीमराना परिवार द्वारा 1464 में बनवाया गया था। किले का निर्माण उस समय के राजपूत साम्राज्य के महलों और किलों के अनुकूल किया गया था। नीमराना का नाम नीम (नीम के पेड़) और राणा (शासक) शब्दों से मिलकर पड़ा है, और इसका एक रोमांटिक इतिहास भी है। किले का डिज़ाइन और संरचना आज भी पर्यटकों को आकर्षित करती है।

## पर्यटन के अन्य आकर्षण

- **वामदेव मंदिर :** यह प्राचीन मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर में शांति का वातावरण और अद्भुत स्थापत्य कला देखने को मिलती है।
- **बीलू और सुरजकुंड :** यह स्थल प्राकृतिक सुंदरता और शांति का अनुभव करने के लिए आदर्श है। यहां पर पर्यटक प्रकृति के सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।
- **नीमराना झील :** यह झील किले के पास स्थित है और पर्यटकों को यहां पिकनिक मनाने और प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेने का अवसर मिलता है।

## कैसे पहुंचे नीमराना?

नीमराना राजधानी जयपुर से लगभग 122 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो आसानी से सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, दिल्ली से भी यह 130 किलोमीटर दूर है, और यहां तक पहुंचने के लिए पर्यटक ट्रेन, बस या कार का उपयोग कर सकते हैं। नीमराना के पास का सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन अलवर है, जो इस स्थान से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित है।

## सर्वश्रेष्ठ समय

नीमराना घूमने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच होता है, जब मौसम ठंडा और आरामदायक रहता है। गर्मियों में यहां का तापमान बहुत ज्यादा हो सकता है, इसलिए इस मौसम में यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। नीमराना एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से भरपूर स्थल है, जो पर्यटकों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। यहां का किला, मंदिर, और प्राकृतिक दृश्य न केवल रोमांचक हैं, बल्कि भारतीय इतिहास और संस्कृति को जानने का भी एक बेहतरीन अवसर देते हैं। अगर आप भी राजस्थान की खूबसूरत और ऐतिहासिक यात्रा करना चाहते हैं, तो नीमराना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।



## आवास और खाने की व्यवस्था

नीमराना में विभिन्न प्रकार के होटलों और रिसॉर्ट्स की सुविधा उपलब्ध है, जिनमें से नीमराना किला एक प्रमुख स्थान है। यहाँ पर्यटक ऐतिहासिक माहौल में आराम करने का अनुभव कर सकते हैं। इसके अलावा, यहां के रेस्टोरेंट्स में राजस्थान की पारंपरिक रेसिपी का आनंद भी लिया जा सकता है, जिसमें दाल बाटी चूरमा, गट्टे की सब्जी और राजस्थान की स्वादिष्ट मिठाइयां प्रमुख हैं।

# स्वर्ग से भी सुंदर इस जगह पर मिलेगा मानसिक सुकून, रहने-खाने में नहीं खर्च होंगे हजारों रुपए



घर और ऑफिस की जिम्मेदारी संभालने के कारण लोग मशीन की तरह काम करते हैं। ऐसे में इस व्यस्त लाइफस्टाइल के कारण लोग अपने लिए समय निकालना भूल जाते हैं। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस करने के चक्कर में लोग खुद के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। कई बार लोग काम का इतना ज्यादा प्रेशर ले लेते हैं कि शरीर थक जाता है और दिमाग काम करना बंद कर देता है। ऐसे में आपको फौरन एक ब्रेक लेना चाहिए। क्योंकि यह ब्रेक आपको मानसिक शांति देने के साथ अंदर से हील करने का काम करता है। इसलिए आपको काम से ब्रेक लेकर किसी ऐसी जगह जाना चाहिए, जहां पर आप खुलकर सांस ले सकें और शांति व सुकून का अनुभव कर सकें। अगर आप भी किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाना बजट के अंदर हो और आप प्रकृति के बीच समय भी बिता सकेंगे। दरअसल हम एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर पूरे विश्व भर से लोग योग सिखने के लिए आते हैं। यह जगह और कोई नहीं बल्कि ऋषिकेश है। यहां पर गंगा का कल-कल बहता ठंडा पानी, गंगा आरती, मंदिर, सुंदर घाट और चारों ओर योग व आध्यात्म का नजारा आपको मानसिक सुकून देने का काम करेगा।

### इस तरह करें ऋषिकेश जाने की प्लानिंग

**ट्रेन या बस :** दिल्ली से ऋषिकेश जाने के लिए आपको कई बस और ट्रेन मिल जाएंगी। बसों का किराया 300-400 रुपए के बीच होता है। इसके साथ ही ट्रेन के टिकट की कीमत भी करीब-करीब इतना ही होगा।

**लोकल ट्रांसपोर्ट :** दिल्ली से ऋषिकेश जाकर प्राइवेट कार या फिर कैब के इस्तेमाल की जगह लोकल ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। प्राइवेट कैब जहां आपको 200-300 रुपए खर्च करने होंगे। तो वहीं लोकल ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने पर आपका खर्चा 40-50 रुपए ही आएगा। बता दें कि आपको ऋषिकेश बस स्टॉप से कई लोकल ट्रांसपोर्ट मिल जाएंगे।

**आश्रम में रहें :** आप ऋषिकेश में होटल की जगह हॉस्टल में स्टे करें। हॉस्टल की शुरूआत 500 रुपए से होती है। अगर आप राम झूला के पास हैं, तो आपको यहां पर कई आश्रम मिल जाएंगे।

**स्ट्रीट फूड का लें मजा :** अगर आप चाहें तो राम झूला के पास या लक्ष्मण झूला के पास खाने-पीने के लिए आपको महंगे से लेकर बजट तक में कई पैकेज मिल जाएंगे। आप यहां पर स्ट्रीट फूड का भी मजा ले सकते हैं। आपको यहां पर 100 रुपए में खाने-पीने को काफी कुछ मिल जाएगा।

# ट्रैकिंग के शौकिनों के लिए यह एक आदर्श स्थल है येलागिरी

येलागिरी, तमिलनाडु राज्य का एक छोटा सा पर्वतीय स्थल है, जो चित्ताकर्षक प्राकृतिक दृश्यावलियों, शांतिपूर्ण वातावरण और रोमांचक पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो शहरी हलचल से दूर शांतिपूर्ण जगहों की तलाश में रहते हैं। यहां के हरे-भरे पहाड़, खूबसूरत झीलें और सुरम्य ट्रैकिंग रूट्स पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

## 1. येलागिरी झील

येलागिरी की प्रमुख आकर्षणों में से एक येलागिरी झील है, जहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। इस झील के चारों ओर हरे-भरे बाग-बगिचे और प्राकृतिक सुंदरता फैली हुई है, जो पर्यटकों को विश्राम और शांति का अहसास कराती है। यहां बच्चों के खेलने के लिए पार्क भी हैं, जो इसे परिवारों के लिए एक आदर्श स्थल बनाता है।

## 2. स्वामीमलई हिल्स

स्वामीमलई हिल्स येलागिरी की सबसे ऊंची चोटी है और यहां ट्रैकिंग का आनंद लिया जा सकता है। ट्रैकिंग के शौकिनों के लिए यह एक आदर्श स्थल है, क्योंकि यहां की चढ़ाई आपको अद्वितीय दृश्य और प्रकृति के नज़ारे प्रदान करती है। इसके ऊपर से आसपास के इलाके का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है।

## 3. पंगलिंगम झरना

येलागिरी के पंगलिंगम झरने में गिरते हुए पानी की आवाज़ और ठंडी हवा पर्यटकों को ताजगी का एहसास कराती है। यह झरना प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए एक आदर्श स्थल है। यहां पहुंचने के लिए कुछ ट्रैकिंग भी करनी पड़ती है, जो इस स्थान को और भी रोमांचक बनाती है।



## 4. जैन मंदिर

येलागिरी में स्थित जैन मंदिर एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह मंदिर शांतिपूर्ण वातावरण में स्थित है और यहां के दर्शन करने से एक अलग ही अनुभव मिलता है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और धार्मिक महत्व के कारण पर्यटकों को आकर्षित करता है।

## 5. विलियानुर झरना

यह झरना येलागिरी के पास स्थित एक और लोकप्रिय स्थान है। यहां पर गिरते पानी के झरने के साथ-साथ आसपास की हरी-भरी वादियों का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है। इस झरने के पास घूमने और प्रकृति के नजारे का आनंद लिया जा सकता है।

## 6. येलागिरी पार्क

यह पार्क येलागिरी झील के पास स्थित है और यहां आप परिवार के साथ पिकनिक का आनंद ले सकते हैं। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए खेलकूद के सामान और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल विशेष रूप से परिवारों के लिए एक आदर्श गंतव्य है।

## 7.अक्टिविटी- एडवेंचर स्पोर्ट्स

येलागिरी में कई एडवेंचर एक्टिविटीज़ भी होती हैं, जैसे पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, माउंटेन बाइकिंग आदि। इन गतिविधियों के माध्यम से आप प्रकृति के करीब जाकर रोमांचक अनुभव ले सकते हैं।



## 8. जंगल सफारी

अगर आप जंगल और वन्यजीवों के प्रेमी हैं, तो येलागिरी के आस-पास के जंगलों में सफारी का अनुभव भी ले सकते हैं। यहां के घने जंगलों में विभिन्न प्रकार के पक्षी और जानवरों की प्रजातियां पाई जाती हैं।

## 9. सूर्योदय-सूर्यास्त दृश्य

येलागिरी के पहाड़ों से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य अत्यंत अद्भुत होता है। यहां के पहाड़ी इलाकों में सूरज के निकलने और ढलने के समय के दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। यदि आप प्रकृति प्रेमी हैं, तो यह दृश्य आपके लिए यादगार होगा।

# कोलकाता की इन 3 जगहों पर सेलिब्रेट करें बर्थडे, खास और यादगार बन जाएगा दिन

किसी खास जगह पर जाकर बर्थडे मनाकर लोग इसको एक यादगार पल बनाना चाहते हैं। हम सभी बर्थडे के दिन को खास बनाने के लिए खास लोकेशन की तलाश करते हैं। अपने किसी खास के साथ इस दिन को सेलिब्रेट करना सबसे अनोखा एहसास होता है। कुछ लोग अपने परिवार या पार्टनर के साथ समय बिताने के लिए किसी सुकून देने वाले जगह पर जाना पसंद करते हैं।

**प्रिसेंप घाट :** हुगली नदी के किनारे प्रिंसेप घाट का दृश्य और शांति से भरा माहौल आपके जन्मदिन को यादगार बना देगा। प्रिंसेप घाट की सुंदरता और ताजगी बर्थडे पार्टी के लिए बेस्ट हो सकती है। अगर आप अपने बर्थडे को अधिक यादगार बनाना चाहते हैं, तो आपको यहां पर सनसेट का दृश्य देखते हुए बर्थडे पार्टी इंजॉय कर सकते हैं। यह जगह सिर्फ दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी ज्यादा सुंदर और बेहतरीन हो जाती है। कोलकाता की यह फेमस जगह घूमने के लिए काफी अच्छी है।

**पार्क स्ट्रीट :** अगर आप भी कोलकाता में बर्थडे पर घूमने के लिए पार्ट स्ट्रीट जाने का प्लान कर सकते हैं। यह कोलकाता के सबसे स्टाइलिश पर्यटक आकर्षणों में से एक है। जोकि फूड स्ट्रीट और नाइट लाइफ हब के लिए फेमस है। अक्सर लोगों को बर्थडे पार्टी राय या शाम के समय प्लान करना पसंद होता है।

## इलियट पार्क

बता दें कि इलियट पार्क बैठने और आराम करने के लिए काफी अच्छी जगह है। शहर के केंद्र में स्थित यह पार्क बेहद शांत और हरा-भरा है। यहां का शांतिपूर्ण वातावरण आपका दिल जीत लेगा। बर्थडे पार्टी के लिए आप इस जगह का चयन कर सकते हैं। आप यहां पर घंटों समय बिता सकते हैं। यह पार्क दोपहर में 1 बजे से 4 बजे तक खुला रहता है। ऐसे में आप इस बीच यहां आ सकते हैं। यह कोलकाता का सबसे सुंदर पार्क है। वहीं यह पार्क बच्चों के साथ घूमने के लिए बेहद अच्छी जगह है।

# अंडमान जाने की ट्रिप का कर रहे हैं प्लान, तो इन फेमस मंदिरों का जरुर करें दर्शन

समुद्र किनारे सुकून के पल बिताने के लिए कपल्स बीचेज पर जरुर जाते हैं। अगर आप भी अंडमान जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आप समुंद्र तटों के अलावा वहां के खूबसूरत और धार्मिक मंदिरों का जरुर दर्शन करें। अंडमान में नीले पानी से लेकर सफेद रेत तक समुद्र तटों तक फैली शांति कपल्स को सुकून देती है। बीचेज के साथ ही यहां पर कुछ ऐसे मंदिर भी है, जो आपको सुकून का एहसास कराते हैं।

## मुरुगन मंदिर

पोर्ट ब्लेयर के केंद्र में स्थित यह मंदिर आपकी पहली अंडमान और निकोबार ट्रिप के लिए बेहतर है। यह मंदिर अपने भक्तों की आध्यात्मिक आस्था के लिए आकर्षित करते हैं, बल्कि सुंदर वास्तुकला के लिए भी जाना जाता है। इस मंदिर में भक्तों की भीड़ रहती है। वीकेंड पर भी काफी ज्यादा लोग जाते हैं। जब जाएं तो मंदिर के समय का ध्यान रखें।

## शंकराचार्य मंदिर

अगर आप अंडमान की ट्रिप पर जा रहे हैं, तो आप इस मंदिर में जरुर जाएं। यह मंदिर एक पहाड़ की चोटी पर स्थित होने की वजह से यहां का नजारा शानदार है। यदि आप अपने पार्टनर के साथ ट्रिप पर जा रही हैं, तो आप यहां जरुर जाएं।



## श्री गणेश मंदिर

यह मंदिर पोर्ट ब्लेयर में स्थित है। श्री गणेश मंदिर सुबह 8 बजे से 10.30 बजे तक और शाम 5 बजे से 7 बजे तक हर दिन खुला रहता है। भगवान गणेश को समर्पित यह मंदिर भगवान गणेश को समर्पित है और यह भक्तों के लिए विश्वास का सबसे खास प्रतीक माना जाता है। यहां पर जाने के लिए आपको पोर्ट ब्लेयर के एबरडीन बाजार के पास स्थित है। सड़क मार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है।

## छोटी काशी के प्रमुख मंदिरों में भक्तिभाव से मनाई गई माघ पूर्णिमा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। माघ पूर्णिमा पर रविवार को छोटी काशी जयपुर के प्रमुख मंदिरों में धार्मिक श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ विविध आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। माघ पूर्णिमा के साथ ही तीर्थराज प्रयागराज में एक माह से चल रहा माघ स्नान भी विधिवत संपन्न हुआ, वहीं जयपुर में श्रद्धालुओं ने गलताजी में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर आराध्य देव श्री गोविंद देवजी मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। माघ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में ठाकुर श्रीजी का भव्य धवल श्रृंगार किया गया। ठाकुरजी को श्वेत पोशाक धारण कराई गई तथा सफेद पुष्पों से मनोहारी श्रृंगार किया गया। मंगला झांकी के उपरांत मंदिर के महंत श्री अंजन कुमार गोस्वामी जी महाराज के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ठाकुर श्रीजी एवं शालिग्रामजी भगवान नारायण जी का पंचामृत अभिषेक संपन्न हुआ। श्रृंगार आरती में विशेष भोग अर्पित किए गए तथा हरिनाम संकीर्तन के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसी क्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गोविंद देवजी मंदिर परिसर में निःशुल्क पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत श्री अंजन कुमार गोस्वामी जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित यज्ञ का शुभारंभ मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आचार्य पीठ से गायत्री परिवार के डॉ. राजकुमार सतनाकर, डॉ. अजय भारद्वाज एवं मुकेश कुमार ने प्रज्ञा गीतों के मधुर गायन के साथ विधिवत यज्ञ संपन्न कराया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। माघ पूर्णिमा के विशेष पुण्य अवसर पर श्रद्धालुओं पर प्रयागराज के त्रिवेणी संगम के पावन जल का अभिषेचन किया गया। यज्ञ में एक बुराई छोड़ो- एक अच्छाई अपनाओ के संकल्प के साथ पूर्णाहुति दी गई। गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी की ओर से साहित्य स्टॉल भी लगाई गईए जहां सभी आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने लागत मूल्य पर आध्यात्मिक पुस्तकों का क्रय किया। जयघोष एवं शांति पाठ के साथ यज्ञ का समापन हुआ। इसी दिन सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा भाव से मनाया गया। श्री राधा सरस बिहारी सरकार का वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक कर ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि सायंकाल पूर्णिमा के पदों का गायन किया गया। शहर के अन्य वैष्णव मंदिरों-चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदरजी मंदिर, त्रिपोलिया बाजार के विनोदी लालजी, रामगंज बाजार के लाड़लीजी, चांदनी चौक स्थित बृजनिधि सहित अनेक मंदिरों में भी ठाकुरजी की विशेष झांकियां सजाई गईं, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। समस्त आयोजन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुए।

## फिजिक्सवाला ने पूरे भारत में कक्षा 10 के सीबीएसई छात्रों के लिए मुफ्त डाउट हल करने में मदद और मॉक प्रीबोर्ड्स की घोषणा की

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिक्षा कंपनी फिजिक्सवाला पीडब्ल्यू ने कक्षा 10 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में भाग लेने वाले छात्रों की मदद के लिए एक योजना शुरू की है। इसमें देश के सभी छात्र मुफ्त डाउट हल करने में विशेषज्ञों की मदद ले सकते हैं। यह योजना सिर्फ पीडब्ल्यू के छात्रों के लिए नहीं, बल्कि देश के किसी भी कक्षा 10 के छात्र के लिए खुली है। इसका उद्देश्य परीक्षा के समय पढ़ाई का तनाव कम करना है। पीडब्ल्यू देशभर में विज्ञान और गणित के लिए ऑफ्लाइन प्रीबोर्ड भी करवाएगा ताकि छात्रों की तैयारी मजबूत हो सके। ये परीक्षा पीडब्ल्यू के विध्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटर्स में होंगी। इससे छात्रों को असल बोर्ड परीक्षा जैसा अनुभव मिलेगा और वे समय सीमा में परीक्षा की तैयारी बेहतर कर सकेंगे। फिजिक्सवाला के विध्यापीठ-ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने बताया किए शिक्षा पर कोई सीमा नहीं होनी चाहिए, खासकर जब छात्र बोर्ड परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण तैयारी कर रहे हों। कई छात्रों को तुरंत अच्छी मदद नहीं मिलती और एक छोटा डाउट भी उन्हें तनाव दे सकता है। इसलिए हमने अपने विध्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटर्स सभी छात्रों के लिए खोल दिए हैं, चाहे वे फिजिक्सवाला के छात्र हों या नहीं। हम चाहते हैं कि छात्र खुद को सहारा मिला हुआ, आत्मविश्वासी और पूरी तैयारी के साथ परीक्षा देने के लिए तैयार महसूस करें। भारत के सभी छात्र अपने पास के फिजिक्सवाला विध्यापीठ, पाठशाला या ट्यूशन सेंटर जा सकते हैं और एक डाउट बस्टर पास ले सकते हैं, जो बोर्ड परीक्षा तक वैध रहेगा। इस पास के साथ छात्र जो भी उनके डाउट्स हों उनके हल के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। अनुभवी शिक्षक छात्रों के सवालों का जवाब देंगेए मुश्किल टॉपिक समझाएंगे और उत्तर लिखने की रणनीति भी बताएंगे। छात्र भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीव विज्ञान सभी विषयों की शंकाओं को हल कर सकते हैं और सीबीएसई कक्षा 10 के लिए रिविजन कार्ड भी प्राप्त कर सकते हैं, जो उनकी तैयारी में मदद करेगा।

## फाल्गुन का डांडा रोपण कार्यक्रम आयोजित

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** शहर में स्थित सात बत्ती पर राजपूत समाज के सानिध्य से सर्व समाज ने फाल्गुन माह की शुरुआत पर होली पर्व का डांडा रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जानकारी के अनुसार हिंदू रीति रिवाज के अनुसार राजपूत समाज के लोगों ने परंपरागत अनुसार होली के पर्व को लेकर सात बत्ती पर शाम 5:30 बजे फाल्गुन माह का डांडा रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। होली का पर्व 3 मार्च के चलते फाल्गुन माह की शुरुआत होने पर युवाओं और बुजुर्गों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद दशरथ सिंह शेखावत, पिंटू शेखावत, झबर सिंह शेखावत, विनोद सिंह, रामपाल असवाल, सुरेंद्र सिंह सहित आदि थे।

## सैनी के सेवानिवृत होने पर किया सम्मान

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** शहर में चुंगी नंबर तीन के निकट कानु वाला कुआ निवासी शिवनाथ सैनी उर्फ एमपी जलदाय विभाग में सेवानिवृत्ति होने पर गणमान्य लोगों ने फुलमालाओं से मान सम्मान किया। जलदाय विभाग के कर्मचारी शिवनाथ सैनी उर्फ एमपी का पुराना बस स्टैंड पर स्थित जलदाय विभाग में कर्मचारीयों व कस्बे के लोगों ने उपहार व माला पहनकर मान सम्मान किया। जलदाय विभाग के कर्मचारी एमपी का डीजे व बैंड बाजा से बस स्टैंड, मुख्य बाजार, पंच बत्ती एटिटेडा एजांगिड़ कॉलोनी होते हुए उनके निवास स्थान कानू वाला कुआं तक स्वागत सत्कार का शानदार जुलूस निकाला गया। उनके निवास पर विधायक भगवाना राम सैनी, अध्यक्ष रामनिवास सैनी, पार्षद दीपक बागड़ी सहित आदि गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर सम्मान किया।

# विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** हिन्दू समाज की बंधुता, परस्पर प्रेम, सहयोग तथा स्वाभिमान हेतु विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन भगत सिंह बस्ती में रविवार को किया गया। महेश सम्मेलन के मुख्य वक्ता बाबूलाल गुर्जर ने कहा हिंदू समाज की एकजुटता से ही समाज में परिवर्तन संभव है इसलिए देश के उत्थान के लिए पूरे हिंदू समाज को एकजुट होना जरूरी है। उन्होंने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से लोगों को बताया। डॉ कविता यादव ने कहा कि पंच परिवर्तन व्यक्ति से समाज तक सकारात्मक बदलाव का रास्ता प्रशस्त करता है। पंच परिवर्तन से ही गौरवशाली राष्ट्र का निर्माण होगा। इस पूरे विश्व का कल्याण केवल सनातन धर्म ही कर सकता है क्योंकि सनातन धर्म सार्वभौमिक सिद्धांतों वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः पर आधारित है जो मानवता के कल्याण और सद्भाव के लिए एक शाश्वत मार्ग प्रदान करता है। भगत सिंह बस्ती विराट हिन्दू सम्मेलन में लोग उमड़े और उन्होंने पंच परिवर्तन का संकल्प लिया। इस दौरान श्रीराम टेकड़ी धाम लिसाडिया से संतश्री बालक दास एवं बाबा ब्रह्मचारी आश्रम से संतश्री सतगिरी का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई।

कार्यक्रम में स्थित मंदिर पुजारी एवं बस्ती में निवास करने वाले वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इसी प्रकार नगर के गुरुगोविंद सिंह बस्ती स्थित कचियागढ़ स्टेडियम में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कैलाश सोनी एवं चित्रा लाटा रहे। संत सानिध्य में वृंदावन पीठ के कृष्णकांत मिश्रा तथा जयपुर से आए अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री श्री रामकुमार दास महाराज ने की। सम्मेलन के तहत नगर की विभिन्न बस्तियों में भी आयोजन हुए, जहां कलश यात्रा सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए।

साथ ही क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों का सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने सम्मेलन में सहभागिता निभाई। मुख्य वक्ता कैलाश सोनी ने संबोधन में कहा कि भारत भूमि पर जन्म लेना सौभाग्य की बात है और सनातन संस्कृति में जन्म लेना गर्व का विषय है। भारत ने विश्व को ज्ञान,




मूल्य और सिद्धांत दिए हैं। वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ भारत सदैव जगतगुरु रहा है। उन्होंने लोगों से अपने संस्कारों पर गर्व करने और एकजुट रहने का आह्वान किया। वृंदावन पीठ के कृष्णकांत शास्त्री ने कहा कि सनातन संस्कृति का मूल आधार आपसी भाईचारा है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र सभी एक परिवार के सदस्य हैं और समाज की मजबूती इसी समरसता से आती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की कृपा से समाज फिर से अपने मूल्यों की ओर लौट रहा है।

मंच पर श्री श्री 1008 बालक दास महाराज, डॉक्टर कविता यादव, बाबूलाल मुख्य वक्ता, नरेश साहू परिवर्जक, हरिनारायण महंत अध्यक्ष नगर पालिका, रतनलाल महंत थे। कार्यक्रम में अमित ठठेरा, दिव्यांशु सोनी, कन्हैया लाल चौरसिया, पवन स्वामी, मनीष काकानी, उज्ज्वल कुमावत, पीरू टेलर, पार्षद विनेश सैनी, अमन सैनी, विनोद सैनी सायरा, अभिनव शर्मा, महेंद्र बबेरवाल, सुभाष कुमावत, अनुराग शर्मा, सुभाष, महेश शर्मा, कैलाश जस्सूका, सुभाष सरोज थे। मातृशक्ति में रीना चौधरी पार्षद, गीता परिवार्जक, उर्मिला चौरसिया, ममता शर्मा प्रधानाचार्य, मधु शर्मा आदि थी। मंच का संचालन नरेश भिंडा ने किया। अनेक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। सम्मेलन में सभी हिंदू वर्गों के लोग सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## स्क्रैप के गोदाम में आग से लाखों का नुकसान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर की प्रगति नगर से आबसर जाने वाली मुख्य सड़क पर शनि मंदिर के आगे स्थित खेत में अचानक आग लग गई। आग के कारण खेत में ही स्थित स्क्रैप का गोदाम चपेट में आ गया और भयंकर आग से लाखों का नुकसान हो गया। प्लास्टिक तिरपाल का स्क्रैप जलने के कारण आग ने रोद्र रूप ले लिया और आग के गुब्बार कई किलोमीटर दूर से ही नजर आए। वहीं आग लगने की सूचना के साथ ही मौके पर सैंकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार शनि मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित सांवरमल झाझड़ा के खेत में अचानक आग लगा गई। फसल के कचरे के बाद तिरपाल व प्लास्टिक के स्क्रैप से भरे गोदाम में आग लगने के कारण लाखों रुपए का नुकसान होने का अंदेशा है। स्क्रैप के सैंकड़ों बोरे यहां पर भरे हुए थेए जिनमें से अधिकांश ने आग पकड़ लीए जिसके कारण दमकल की गाड़ियां नाकाफी नजर आई। सुजानगढ़, बीदासर, लाडनू से दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया। वहीं जेसीबी व लोडर भी मंगवाकर पास के खेत से धूल आदि डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया गया। वहीं शाम तक मौके पर आग बुझाने का काम जारी रहा। फायर प्रभारी रूप सिंह ने बताया कि किसी को कोई चोट नहीं आई है और फायर की गाडियां यहां पर अवैध रूप से चल रहे कारखाने की प्रोपर्टी बचाने का काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के ज्वलनशील को बिना कोई फायर सेफ्टी के कारखाने में एकत्रित करना लोगों के जीवन को खतरे में डालने जैसा है। मौके पर नगरपरिषद की आयुक्त चारवी व अन्य अधिकारी भी पहुंचे। एएसआई तेजाराम व पुलिस जाप्ता मौके पर तैनात रहा।

## शिवबाड़ी रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू जिला कलक्टर को शिवबाड़ी मोहल्ले के लोगों ने ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण को हटाये जाने की मांग की है। भाजपा नेता व पूर्व पार्षद राकेश प्रजापत के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते वक्त जिला कलक्टर को लोगों ने बताया कि शिवबाड़ी के पास कसूम्बी की ओर जाने वाले मुख्य रास्ते पर कुछ प्रभावशाली व रसूखदार लोगों ने निर्माण सामग्री डालकर वर्षों से अतिक्रमण कर लिया है। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस बारे में नगरपरिषद व उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिए जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। अतः जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाकर जनता को राहत प्रदान की जावे। ज्ञापन पर पवन, रामरतन, पूसादास आदि मौजूद रहे।




## हिन्दू सम्मेलन आयोजित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के सेठ बुद्धमल दुगड़ राजकीय नेहरू स्टेडियम में शिवाजी बस्ती के नागरिकों द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन गायत्री परिवार के सुरेन्द्र कुमार हरित, पुष्पा हरित व नीलम गौड़ के सान्निध्य में विश्व कल्याण और हिन्दुत्व के उत्थान की मंगलकामना के लिये किए गए गायत्री महायज्ञ से शुभारंभ हुए इस सम्मेलन में संत सान्निध्य नरेंद्रनाथ महाराज तथा मुख्य आतिथ्य गुरु जम्भेश्वर धाम मोलीसर बड़ा के आचार्य कृपाचार्य महाराज का रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राकेश सोनगरा, कथा वाचिका कोमल किशोरी व यशोदा माटोलिया भी मंचस्थ रहे। मुख्य वक्ता आचार्य कृपाचार्य महाराज ने कहा कि हमारे देश भारत की समृद्धि, अखंडता और स्वतंत्रता केवल तब तक अक्षुण्ण रहेगी जब इस देश का निवासी हिंदू जागृत और संगठित रहेगा। इन हिन्दू सम्मेलनों का उद्देश्य संपूर्ण हिंदू समाज को एक जाजम पर बिठाना है। उन्होंने हमें सारे संकोच त्यागकर जनेऊ, शिखा, तिलक आदि चिह्नों को धारण कर अपनी संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राकेश सोनगरा ने पंच परिवर्तन के कल्याणकारी संकल्पों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया



कि भारत भूमि सब तरह से सम्पन्न होने के हम सभी का जाति पांति में बंट जाना हमारे लिये अभिशाप बना हुआ है। कार्यक्रम में डेवोर पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पर एक रौंगटे खड़े कर देने वाली नाट्य प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अंजनी माता मंदिर पुजारी रामावतार शर्मा, महावीर सेवदा, राजकुमार महर्षि, हनुमान सिंह, पीरूमल भोभरिया, राकेश शर्मा आईस, रामदेव चंदनिया, सीताराम शर्मा, भवानीशंकर, रुकमानंद माली, ललित मोहन शास्त्री, सुरेन्द्र सिंह, अरविंद मिश्रा, भीखसिंह राठौड़, सुरेश मुरारका, मदनसिंह राठौड़, महावीर सिंह शेखावत, जगदीश पारीक, रामनिवास यादव, मुरारीलाल पारीक, पृथ्वी सिंह सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

## हिंदू संस्कृति की चिरंतन ने सामाजिक मूल्यों का किया संरक्षण : अनिल ओक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैशाली नगर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन के अवसर पर अखिल भारतीय सह-व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक ने कहा कि हिंदू संस्कृति अविनाशी है। यह संस्कृति हजारों वर्षों की कठिन चुनौतियों, आक्रमणों और परिवर्तनों के बावजूद आज भी जीवंत है और आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों को पहचानना और उन्हें जीवन में आत्मसात करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर मूल्य की स्थापना के लिए त्याग और तपस्या आवश्यक होती है। नैतिकता, सामाजिक समरसता और संस्कारों को सुदृढ़ करने के लिए केवल विचार पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण और कर्म से योगदान देना होगा। समाज तभी सशक्त बनेगा जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी को समझेगा। उनका वक्तव्य हिंदू समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करने वाला सिद्ध हुआ।

### 1100 मातृशक्ति की भव्य कलश यात्रा में दिया पंच परिवर्तन का मंत्र

जयसिंहपुरा खोर के रोहित नगर स्थित रोहितेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बालाजी आयोजन समिति के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा और विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। जाटों के बास स्थित तेजाजी मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा रोहितेश्वर महादेव मंदिर तक पहुँची। पूरे मार्ग में ष्जय श्रीरामष् और हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। समिति अध्यक्ष कल्याणजी सैनी ने बताया कि यात्रा में 1100 महिलाओं मातृशक्ति ने सिर पर मंगल कलश धारण कर सहभागिता की। पीले और केसरिया वस्त्रों में सजी महिलाओं ने सांस्कृतिक छटा बिखेरी। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा के पश्चात मंदिर परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें संतों और मातृशक्ति का पावन सान्निध्य रहा। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रौढ़ कार्य प्रमुख कैलाशचंद्र रहे। उन्होंने हिंदू समाज से सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का आह्वान किया। युवाओं से नियमित मंदिर दर्शन और धर्म-जागरूकता अपनाने की अपील करते हुए उन्होंने जनसांख्यिकीय मजबूती पर भी विचार रखे। अपने संबोधन में उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली और नागरिक कर्तव्य-पर जोर दिया और कहा कि इन मूल्यों को अपनाकर भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने आगंतुकों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और मातृशक्ति उपस्थित रही।

## झूले की पालकी में बैठ नगर भ्रमण को निकले साईं बाबा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बापू नगर स्थित मोती पार्क स्थित श्री साईं धाम के 20वें स्थापना दिवस पर रविवार सुबह कांकड़ आरती व हवन के साथ साईं पालकी महोत्सव की शुरुआत हुई। इस बीच दोपहर में भजन संध्या का आयोजन हुआ। वहीं महाआरती की गई। हाथी, घोड़े, ऊंट और शाही लवाजमे के साथ झूले की विराजमान कर साई बाबा को नगर भ्रमण कराया गया। इस महोत्सव के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने साई बाबा पर जगह.जगह पुष्प वर्षा कर आरती की। आयोजक श्वेता शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी साईं बाबा का स्थापना दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिन साई बाबा की पालकी यात्रा व दूसरे दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत पूरे मंदिर प्रांगण को फुलों से सजाया गया है। साथ ही रविवार शाम को झूले की पालकी में साईं बाबा को विराजमान कर बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। इस पालकी शोभायात्रा में भक्त नाचते हुए चले। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह कर पुष्प वर्षा की गई। लोगों ने दीपकों से आरती उतारी। पालकी यात्रा बापू नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः साईं मंदिर पहुंची और देर रात 10 बजे शेज आरती हुई। इससे पहले सुबह साईं बाबा मंगल स्नान के बाद काकड़ आरती की गई। इसके बाद सामूहिक हवन शुरू हुआ, भक्तों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित की और इसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस दौरान संजय मामा, कमल शर्मा, अनिल अग्रवाल, विष्णु, अजय, शैतान, उज्ज्वल, कृष्ण और सहित अन्य लोग शामिल रहे। आयोजन से जुड़ी श्वेता शर्मा ने बताया कि महोत्सव के दौरान दो फरवरी;बसंत पंचमीद्धकी सुबह 9 बजे से पादुका पूजन होगा। पूजा-अर्चना दो घंटे तक चलेगी। साथ ही बाबा को 56 भोग अर्पित किए जाएगे।

इसके अलावा एक मेडिकल का आयोजन भी जाएगा। जिसमें विशिष्ट चिकित्सकों की टीम की ओर से कैंप में पधारे लोगों का जांच परीक्षण भी किया जाएगा। साथ ही कई जांच भी निःशुल्क की जाएगी। वहीं मध्यान्ह आरती के बाद भंडारा प्रसादी शुरू होगी।

## सिंघी मंदिर शिखर पर किया ध्वजारोहण



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री देव सागर सिंघी जैन मंदिर के 112 वें प्रतिष्ठा के चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन ध्वज पूजा की गई। उसके बाद मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। इससे पहले मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ ध्वज पूजा की गई। दोपहर में प्रसाद भोज का आयोजन किया गया। सिंघी जैन मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में सुंदर कांड पाठ एवं भैरव मंदिर में पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है। हेमराज नाहटा ने बताया कि कार्यक्रम में ट्रस्ट के ट्रस्टी रणजीत सिंह सिंघी, प्रकाश सिंघी, सुनील सिंघी एवं देश विदेश से आए सिंघी परिवार के सदस्य एवं पूरा समाज व नगर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

## चेटीचंड महोत्सव समिति के कलाकारों ने दिया सशक्त संदेश

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सिंधी अकादमी एवं सिंधी सेंट्रल एसोसिएशन, जवाहर नगर के संयुक्त तत्वावधान में चेटीचंड महोत्सव समिति सिंधियत के कलाकारों द्वारा रविवार, 1 फरवरी 2026 को स्थानीय जवाहर नगर सेक्टर-5 स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में सिंधी नाटक अहमियत रिश्तन का प्रभावशाली मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉण् पूनम केसवानी द्वारा सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुति से हुई। सिंधी सेंट्रल एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन ऐलानी ने बताया कि नाटक के लेखक रमेश रंगानी हैं। संगीत संतोष मूलवानी, वस्त्र विन्यास कविता सचदेव, प्रकाश व्यवस्था शहजोर अली, रूप सज्जा रवि बांका, नाट्य संयोजन हेमंत खटवानी तथा निर्देशन दिलीप रामचंदानी ने किया।

# बजट में आम आदमी को राहत का ऐलान

## मोटर दुर्घटना मुआवजे पर कर नहीं, पूरी राशि मिलेगी




नवयत्न

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2026-27 में आम नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए मोटर दुर्घटना में घायल या मृत व्यक्ति अथवा उनके परिजनों को मिलने वाला मुआवज़ा पूरी तरह कर मुक्त कर दिया गया है। अब इस मुआवजे की राशि पर किसी भी प्रकार की कर कटौती नहीं की जाएगी और इसे आयकर विवरण में आय के रूप में दर्शाने की भी आवश्यकता नहीं होगी। यह प्रावधान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के आदेश से मिलने वाले मुआवजे तथा बीमा कंपनी द्वारा दिए जाने वाले भुगतान, दोनों पर समान रूप से लागू होगा। इससे पीड़ित परिवारों को पूरी मुआवजा राशि सीधे प्राप्त हो सकेगी। अब तक बीमा कंपनियां या भुगतान करने वाला पक्ष मुआवजे की राशि पर कर काट लेता था, जिससे पीड़ित या उनके परिवार को कम रकम मिलती थी और बाद में कर वापसी की प्रक्रिया में समय और परेशानी उठानी पड़ती थी।

### युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार पर जोर

बजट में युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल और रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। देशभर में 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों और 500 महाविद्यालयों में सामग्री निर्माण प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। पढ़ाई के साथ डिजिटल कौशल को बढ़ावा दिया जाएगा। सात उच्च गति रेल मार्गों के निर्माण से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम

हर जिले में बालिकाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए लखपति दीदी की तर्ज पर शी-मार्ट शुरू की जाएगी, जिससे महिलाओं की उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी।

### किसानों को मिलेगा नया बाजार

कृषि के साथ दुग्ध उत्पादन, पशुपालन और संबद्ध क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क मजबूत होने से किसानों को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध होंगे।

### व्यापारी और लघु-मझोले उद्योगों को सहयोग

छोटे और मझोले शहरों में व्यापार और उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए कॉरपोरेट मित्र तैयार किए जाएंगे, जो नियमों और अनुपालन को सरल बनाने में सहायता करेंगे। आसान व्यापार प्रक्रिया और शीघ्र वित्त उपलब्धता पर जोर दिया गया है।

### उद्योग और निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा

भारत को वैश्विक जैव-औषधि केंद्र बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। ऊर्जा भंडारण, बैटरी निर्माण और सौर ऊर्जा से जुड़े उपकरणों पर कर राहत दी गई है। केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में दुर्लभ खनिज गलियारे विकसित किए जाएंगे।

### स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार

तीन आयुर्वेदिक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान खोलने, चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पांच चिकित्सा केंद्र विकसित करने तथा कैंसर और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं पर आयात शुल्क समाप्त करने की घोषणा की गई है।

### शहरी विकास और आधारभूत सुविधाएं

पांच लाख से अधिक आबादी वाले छोटे और मझोले शहरों के विकास के लिए 12 .2 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़कों, रेल, आवास, जल आपूर्ति, सीवरेज और शहरी सुविधाओं पर विशेष फोकस रहेगा। वाराणसी और पटना में जहाज मरम्मत सुविधाएं भी विकसित होंगी।

### कर व्यवस्था में राहत

संशोधित आयकर विवरण भरने की अंतिम तिथि अब 31 मार्च तक कर दी गई है। आयकर विवरण प्रपत्र को सरल बनाया जाएगा, ताकि आम नागरिक आसानी से विवरण भर सकें।



### बजट न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की भी सोच है : लोकेश अग्रवाल


भारतीय चार्टर्ड लेखाकार संस्थान की झुंझुनू शाखा के सचिव सीए लोकेश अग्रवाल ने केंद्रीय बजट को समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की सोच को दर्शाता है और आम नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत देने वाला साबित होगा। सीए अग्रवाल ने विशेष रूप से मोटर दुर्घटना मुआवजे को कर मुक्त किए जाने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम दुर्घटना पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत है। इससे न केवल आर्थिक दबाव कम होगा बल्कि पीड़ितों को पूरा मुआवजा मिल सकेगा, जो सामाजिक न्याय की दिशा में एक अहम पहल है। उन्होंने कहा कि बजट में दीर्घकालिक सोच स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, मध्यम वर्ग को समर्थन और आर्थिक स्थिरता पर जोर देकर यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने की मजबूत नींव रखेगा। सीए अग्रवाल के अनुसार यह बजट न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है बल्कि आने वाले दशकों के लिए भारत की आर्थिक दिशा तय करने वाला दस्तावेज साबित होगा।

## केंद्र सरकार का बजट किसान, युवा और महिला विरोधी बजट है : ओला

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 को देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा एससी-एसटी-ओबीसी वर्गों के साथ छलावा करार दिया है। सांसद ओला ने कहा कि यह बजट घोर निराशाजनक, दिशाहीन और जमीनी सच्चाइयों से पूरी तरह कटा हुआ है। यह बजट जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय केवल आंकड़ों और खोखले भाषणों तक सीमित रह गया है। यह बजट देश की 95 प्रतिशत आबादी नहीं बल्कि सिर्फ़5 प्रतिशत संपन्न लोगों और बड़े कॉरपोरेट हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा एक बार फिर खोखला साबित हुआ है। बजट में न तो कोई स्पष्ट रोडमैप है, न समय-सीमा और न ही एमएसपी को कानूनी गारंटी देने का कोई निर्णय। डीजल, खाद, बीज और कीटनाशकों की बढ़ती कीमतों से किसान पहले ही परेशान है लेकिन उसकी आय और सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह मौन है। सिंचाई योजनाओं और फसल बीमा में वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को सुधारने का भी कोई ठोस इरादा बजट में नहीं दिखता। सांसद ने कहा कि देश का युवा गंभीर बेरोजगारी संकट से जूझ रहा है लेकिन बजट में न सरकारी भर्तियों का उल्लेख है और न ही निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए कोई प्रभावी प्रोत्साहन। यह बजट युवाओं को रोजगार नहीं, केवल झूठी उम्मीदें देता है।

महिलाओं के सशक्तिकरण की बात करने वाली सरकार ने महिलाओं के लिए रोजगार, सुरक्षा और स्थायी आय से जुड़े किसी ठोस बजटीय प्रावधान की घोषणा नहीं की है। न कार्यस्थल सुरक्षा को लेकर कोई स्पष्ट योजना है और न ही कौशल आधारित नौकरियों का कोई रोडमैप। इसी तरह एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के लिए शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय




से जुड़े कोई विशेष एवं प्रभावी प्रावधान इस बजट में शामिल नहीं किए गए हैं जिससे यह साफ है कि सामाजिक न्याय सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। एमएसएमई और निर्यात को बढ़ावा देने के दावों पर भी सांसद ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में छोटे और मध्यम उद्योगों को मजबूती देने के बजाय सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। सांसद ने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट किसान-विरोधी, युवा विरोधी और महिला विरोधी है। उन्होंने इस जनविरोधी बजट की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह बजट जनता के साथ छलावा है। सबका साथ, सबका विकास का नारा अब केवल एक राजनीतिक जुमला बनकर रह गया है।

## केंद्रीय बजट पर भाजपा कार्यालय में सामूहिक श्रवण



संजय सोनी

झुंझुनू (नवयत्न)। भाजपा जिला कार्यालय झुंझुनू में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 9वें केंद्रीय आम बजट 2026 को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी उपस्थित रही। मुख्य अतिथि दाधीच ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देने वाला यह बजट दूरदर्शी, सर्वसमावेशी और देश के विकास को गति देने वाला है। भाजपा जिला अध्यक्ष कुलहरी ने कहा कि यह बजट 145 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। इससे किसान, युवा, महिलाएं, उद्यमी और आम नागरिकों के कल्याण एवं उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्रम से पूर्व जिला अध्यक्ष कुलहरी ने प्रदेश उपाध्यक्ष दाधीच को बुके भेंट कर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## केंद्रीय बजट 2026 राजस्थान के लिए निराशाजनक : डोटासरा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने केंद्रीय बजट 2026 को प्रदेश के लिए निराशाजनक बताते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के बावजूद राजस्थान के विकास के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। न तो किसी राष्ट्रीय परियोजना की घोषणा हुई और न ही किसी योजना के लिए विशेष पैकेज मिला। डोटासरा ने कहा कि ईआरसीपी जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं मिलना और जल जीवन मिशन में विशेष पैकेज का अभाव, केंद्र सरकार के सौतेले व्यवहार को दर्शाता है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा अब तक अधूरा है और बजट में राजस्थान की प्रमुख फसलों को भी शामिल नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्यटन की अपार संभावनाओं के बावजूद राजस्थान को नजरअंदाज किया गया है। मानगढ़ धाम सहित ऐतिहासिक स्थलों को टूरिस्ट हब योजना से बाहर रखा गया। वहीं हाईस्पीड रेल और फ्रेट कॉरिडोर में भी प्रदेश को शामिल नहीं किया गया। डोटासरा ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग, रोजगार, मनरेगा विकल्प, महंगाई राहत और युवाओं के लिए रोजगार सृजन को लेकर बजट में कोई ठोस पहल नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट देश के गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग सभी को निराश करने वाला है।

## केंद्रीय बजट विकसित भारत 2047 की मजबूत नींव: मदन राठौड़

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत /2047 के संकल्प को साकार करने का दूरदर्शी रोडमैप है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच यह बजट संयम, संतुलन और आत्मविश्वास के साथ देश को तेज विकास की दिशा में ले जाने वाला है। राठौड़ ने कहा कि बजट में आधारभूत ढांचे, रोजगार सृजन, औद्योगिक विस्तार, तकनीकी नवाचार, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और युवाओं को केंद्र में रखा गया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर मिशन, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देकर भारत को तकनीकी महाशक्ति बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है। उन्होंने कहा कि रेलवे आधुनिकीकरण, हाई-स्पीड व फ्रेट कॉरिडोरए एमएसएमई और टियर-2-3 शहरों में उद्योग प्रोत्साहन से राजस्थान जैसे राज्यों को नए अवसर मिलेंगे। महिला एवं बालिका छात्रावास, स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट और कृषि.ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाएँ समावेशी विकास को गति देंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह बजट विकसित राजस्थान /2047 के लक्ष्य को भी मजबूती देगा और भाजपा इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है।

## बजट विकसित भारत की दिशा में ठोस और निर्णायक कदम : गोपाल शर्मा

जयपुर (नवयत्न)। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के आम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में रिफॉर्म, रफ्तार और राहत-तीनों का संतुलित समावेश है। इंपोर्ट पर निर्भरता कम करने, घरेलू प्रॉडक्शन, एक्सपोर्ट और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया गया है। विधायक शर्मा ने कहा कि बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीन संकल्पों-विकास को गति देना, जनाकांक्षाओं की पूर्ति करना और सर्वसमावेशी नीति-की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। साथ ही तीन कर्तव्योंकृसक्षम नागरिक, सशक्त अर्थव्यवस्था और समावेशी विकास-के माध्यम से आत्मनिर्भर और मजबूत भारत की नींव को और सुदृढ़ किया गया है।

बजट की आलोचना पर कांग्रेस को करारा जवाब-बजट को लेकर कांग्रेस द्वारा की जा रही आलोचना पर विधायक गोपाल शर्मा ने तीखा पलटवार करते हुए कहा कि जितना कांग्रेस-यूपी, सरकार 10 वर्षों में



नहीं कर पाई, उतना काम मोदी सरकार एक वर्ष में कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-यूपी, सरकार के 10 वर्षों का कुल पूंजीगत व्यय लगभग 13 लाख करोड़ रुपए था, जबकि मोदी सरकार ने केवल वर्ष 2026-27 के लिए ही लगभग 12 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया है।

## केंद्र का आम बजट निराशाजनक, किसान, युवा व गरीबों को किया निराश : हनुमान बेनीवाल



**जयपुर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने केंद्र सरकार के बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि केंद्र के आम बजट ने देश के गांवएगरीब और किसान को निराश किया। महंगाई, रोजगार और मध्यम तथा निम्न आय वर्ग के मुद्दों पर पर्याप्त राहत देने वाले कोई नीतिगत उपाय इस बजट में नजर नहीं आए। वहीं आर्थिक आंकड़ों की पारदर्शिता और भरोसे में कमी भी इस बजट में नजर आ रही है। बेनीवाल ने कहा की राजस्थान के संदर्भ में बात करे तो लंबे समय से राजस्थान को विशेष राज्य का दर्जा देने व भौगोलिक स्थिति को देखते हुए विशेष पैकेज देने की उम्मीद थी। मगर केंद्र की एनडीए सरकार ने फिर से इन मुद्दों पर भी राजस्थान की जनता को निराश किया और दुर्भाग्य इस बात का है कि बजट भाषण में वित्त मंत्री ने राजस्थान का नाम तक नहीं लिया। उन्होंने कहा कि सरकार 2047 के भारत की बात कर रही है मगर जनता को त्वरित राहत देने के किसी उपाय पर बजट में सरकार ने कोई बात नहीं की।

## पुष्य नक्षत्र पर प्रथम पूज्य का हुआ पंचामृत अभिषेक

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शहर के प्रमुख श्री गणेश मंदिरों में पुष्य नक्षत्र एवं मनोकामना दिवस पर रविवार को पंचामृत अभिषेक किया गया । रवि पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर और पूर्णिमा तिथि के शुभ संयोग पर चांदपोल परकोटा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर, मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर, नहर के गणेश जी दाहिनी सूंड वाले गणेश मंदिर समेंत शहर के कई गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्या का अभिषेक किया गया । जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को रक्षा सूत्र व सुपारी का वितरण किया गया । मोती डूंगरी गणेश मंदिर में होगा 151 किलो दूध, 21 किलो दही से महाभिषेक मंदिर महंत पं. कैलाश शर्मा के सान्निध्य में रविवार सुबह 8 बजे भगवान श्री गणेश जी महाराज का 151 किलो दूध, 21 किलो दही, सवा 5 किलो घी, 21 किलो बूरा, शहद, केवड़ा जल, गुलाब जल, केवड़ा इत्र एवं गुलाब इत्र से अभिषेक किया गया । अभिषेक की शुरुआत गंगाजल, केवड़ा जल एवं गुलाब जल से हुई, इसके बाद पंचामृत अभिषेक किया गया । अंत में गंगाजल से शुद्ध स्नान कराने के पश्चात सुबह 11 बजे भगवान श्री गणपति को सहस्त्रनाम पाठ के साथ 1001 मोदकों का भोग अर्पित किया गया । जिसके पश्चात प्रथम पूज्य श्री गणेश जी फूल बंगले में विराजमान कर उन्हे नवीन आकर्षक पोशाक धारण कराई गई । साथ ही भगवान को विशेष भोग के रूप में खीर अर्पित की गई । भक्तों को दिए रक्षा सूत्र.सुपारी: प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज का अभिषेक करने के पश्चात श्रद्धालुओं को अभिमंत्रित रक्षा सूत्र व सुपारी का वितरण किया गया । चांदपोल गणेश मंदिर में हुआ महाभिषेक, 101 किलो दूध व पंचामृत से किया गया गणेश जी का अभिषेकरवि पुष्य नक्षत्र और पूर्णिमा तिथि के शुभ संयोग पर चांदपोल परकोटा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में 101 किलो दूध एवं पंचामृत से भगवान गणेश का भव्य अभिषेक किया गया । मंदिर महंत पंडित अमित शर्मा के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान गणेश का दूध, दही, शहद, गंगाजल, केवड़ा जल, गुलाब जल एवं केसर युक्त जल से विधिवत अभिषेक किया गया । अभिषेक के पश्चात गणेश जी महाराज को सिंदूर का चोला चढ़ाया गया तथा उन्हें नवीन एवं आकर्षक पोशाक धारण कराई गई । इन धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में भगवान गणेश को गणपति अथर्वशीर्ष एवं गणपति अष्टोत्तर नामावली के मंत्रोच्चार के साथ मोदक का भोग अर्पित किए गए । इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ किया, इसी के साथ गणेश जी महाराज को दूर्वा अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी के स्वरूप में हल्दी की गांठ एवं सुपारी का वितरण किया गया । रवि पुष्य नक्षत्र के इस विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज के दर्शनों के लिए मंदिर पहुंचे। जिसके चलते मंदिर में काफी भीड़ रहीं।

**नहर के गणेश मंदिर**-ब्रह्मपुरी माऊण्ट रोड़ पर स्थित अतिप्राचीन दाहिनीं सूँड़ दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी मंदिर में रवि-पुष्य नक्षत्र पर प्रथम पूज्य गणपतिजी महाराज का मंदिर परिवार के सानिध्य में दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक किया गया । मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि रविवार को रवि-पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर प्रातः 10 बजे शुभ मुहूर्त में मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में प्रभु गजानंद जी का मंदिर परिवार द्वारा दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक किया गया । जिसके तत्पश्चात गणपतिजी को नवीन पौशाक धारण करवाकर पूजा-आरती की गई । रवि-पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर सायंकालीन महाआरती 251 दीपकों से की गई इसी के साथ मंदिर में दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को सुख-समृद्धि दायक तथा विघ्ननिवारक रक्षा सूत्र वितरित किए गए ।

## बीडीके अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण, ट्रॉमा सेंटर पर चर्चा

### शिशु मृत्यु दर में आई कमी बेहतर स्वास्थ्य सूचकांकों का संकेत : जैन

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल का प्रभारी सचिव नवीन जैन ने सुबह साढ़े 9 बजे निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिशु रोग ओपीडी, नवजात आईसीयू, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर एवं पीएनसी वार्ड का जायजा लिया और मरीजों से चिकित्सा सुविधाओं को लेकर फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान शिशु रोग ओपीडी में चिकित्सकों एवं मरीजों से संवाद कर चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई।

उन्होंने निःशुल्क दवा योजना का पूरा लाभ मरीजों को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही सोनोग्राफी की वर्तमान व्यवस्था, सोनोलॉजिस्ट व रेडियोलॉजिस्ट के पदों की स्थिति तथा प्रतिमाह होने वाले प्रसव, सिजेरियन और हाई रिस्क डिलीवरी के आंकड़ों की जानकारी ली। नवजात शिशु इकाई में स्वीकृत बेड, वर्तमान में भर्ती नवजात, कंगारू मदर केयर, आईसीयू में उपकरणों की क्रियाशीलता, सीसीटीवी व्यवस्था एवं प्रशिक्षित स्टाफ की उपस्थिति का बिंदुवार निरीक्षण किया गया। आईसीयू की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए



प्रभारी सचिव ने कहा कि विगत वर्षों में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में आई कमी बेहतर स्वास्थ्य सूचकांकों का संकेत है। प्रभारी सचिव ने अस्पताल के लेबर रूम का भी निरीक्षण किया। रैफर होकर आई प्रसूता की केस शीट का गहन अध्ययन कर आवश्यक जानकारियां प्रत्येक बिंदु अनुसार भरने के निर्देश दिए। नर्सिंग स्टाफ एवं लेबर रूम प्रभारी को प्रतिदिन केस शीट पूर्ण रखने के निर्देश दिए गए। प्रसूति रोग प्रभारी डॉ प्रियंका को लेबर रूम, ओटी एवं प्रसव वार्ड की केस शीट पूरी रखने और निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल में डिलीवरी की सुविधा, ऑपरेशन थिएटर में एनेस्थेटिस्ट की उपलब्धता, प्रसूति रोग विशेषज्ञों की मौजूदगी तथा एनक्वास सर्टिफिकेशन की सराहना की गई। अस्पताल की साफ सफाई एवं विकसित पार्कों को भी सराहा गया तथा स्वच्छता स्तर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। राजमेस चिकित्सक शिक्षकों द्वारा अलग-अलग रजिस्टर संधारण करने, बिना सूचना आवागमन जैसी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समाधान के निर्देश दिए गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190